हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 13 नवंबर 2025



# जल संरक्षण की दिशा में जिला अव्वल, राष्ट्रपति के हाथों मिलेगा जल अवार्ड


हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जल संरक्षण की दिशा में राजनांदगांव जिले में पिछले एक साल में चले जन आंदोलन ने देशभर में मिसाल कायम किया है। गांवों में इंजक्शनवेल और परकोलेशन टैंक बनाकर भू-जल को संवर्धित करने की दिशा में भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय ने जिले को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित करने का ऐलान किया है। आगामी 18 नवंबर को राष्ट्रपति द्वारा प्रशासन को नेशनल जल अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। राजनांदगांव जिले में जल संरक्षण एवं प्रबंधन के कार्यों को शासन-प्रशासन के साथ-साथ कंधे से कंधा मिलाकर नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, पंचायतों, महिला स्व-सहायता समूहों, उद्योगपतियों, विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से मिशन के रूप में संचालित किया गया। गांवों से लेकर शहरों तक नागरिकों ने

## आगामी 18 नवंबर को दिल्ली में होगा आयोजन, जिले को मिलेंगे दो अवार्ड

### जल स्तर सुधारना था उद्देश्य

सेमीक्रिटिकल जोन का अर्थ पानी के विषय में 70 प्रतिशत से अधिक पानी का उपयोग करने वाले क्षेत्र इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए मिशन जल रक्षा के वृहत प्रयासों के साथ जिले ने यह अभियान प्रारंभ किया था, अब यह पूरे देश में मॉडल के रूप में जाना जाने लगा है। इस योजना में जिले की प्राथमिकता है कि पहले तो हम पानी के तेजी से घटते जल स्तर की गति को धीमा कर सके, फिर उसे एक स्तर पर स्थिर कर सके। तत्पश्चात अत्याधिक जल दोहन को रोककर इस प्राकृतिक बहुमूल्य धरोहर को संधारित कर सकें।




### विकास की दिशा में अभिनव पहल

**विकास की दिशा में अभिनव पहल :** पानी की तेजी से घटते जल स्तर की इस चुनौती को प्रयासों में बदलते हुए जिले में जीआईएस आधारित तकनीकी योजनाओं, रिचार्ज संरचनाओं, रिचार्ज सॉफ्ट, बोरवेल सह-इंजक्शनवेल, परकोलेशन टैंक, फार्म पॉन्ड और तालाबों के पुर्नजीवन जैसे कार्यों को प्राथमिकता दी गई। मिशन के अंतर्गत भू-जल दोहन नियंत्रण, वर्षा जल संग्रहण तथा सामुदायिक प्रयासों को जल संरक्षण की प्रमुख रणनीति के रूप में अपनाया गया।

### जल संचय के लिए भी मिलेगा अवार्ड

राजनांदगांव जिले को प्राप्त होने वाला यह राष्ट्रीय सम्मान, जिले के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं सभी हितधारकों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। साझा प्रयासों से जल बचाओ, भविष्य बनाओ की भावना को व्यवहार में उतारते जिले ने यह सिद्ध किया है कि जनभागीदारी से किसी भी संसाधन का संरक्षण संभव है। साथ ही 18 नवंबर 2025 को ही नई दिल्ली में आयोजित इस कार्यक्रम में राजनांदगांव जिले को एक अन्य जल संचय से जनभागीदारी के क्षेत्र में भी सम्मानित किया जाना है।

जल ही जीवन है और जल हेतु कल है, के संदेश को आत्मसात करते मिशन जल रक्षा को एक जन आंदोलन का स्वरूप प्रदान किया है। किसानों द्वारा फसल चक्र परिवर्तन, वर्षा जल संचयन एवं भूजल पुनर्भरण के कार्यों से जिले में जल स्तर में सुधार हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। यह कहना उचित होगा कि जब केंद्रीय भूजल बोर्ड की 2021-22 की रिपोर्ट में जिले के तीन ब्लॉकों को सेमी-क्रिटिकल जोन के रूप में चिन्हित किया गया था।

### समूहों ने निकाली नीर-नारी जल यात्रा

महिला समूहों ने नीर और नारी जल यात्रा जैसे अभियानों के माध्यम से जल संरक्षण की व्यापक जनजागरूकता विकसित की गई। जिसमें जिले के पद्मश्री श्रीमती फुलबासन बाई का विशेष सहयोग रहा, जिन्होंने जिले के गांव-गांव में जाकर महिलाओं को एकजुट कर जल यात्राओं के माध्यम से मुहिम को बल प्रदान किया।

## खबर संक्षेप

### वाद-विवाद पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** पुलिस में रिपोर्ट की बात पर से आक्रोशित होकर शांति एवं कानून व्यवस्था भंग करने की नीयत से वाद-विवाद कर रहे अनावेदक के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अंजोरा में पुलिस में रिपोर्ट की बात से आक्रोशित होकर शांति एवं कानून व्यवस्था भंग करने की नीयत से वाद-विवाद कर रहे योगेंद्र साहू उर्फ मुन्ना 30 साल निवासी ग्राम अंजोरा कबीर चौक को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर अनावेदक को प्रतिबंधित करने धारा 126, 135(3) बीएनएसएस का इश्तगाशा तैयार कर न्यायालय आदेश से जेल दाखिल किया।

### मांय एंगल




## शनिवार से खरीदी की होनी है शुरूआत, अब तक टोकन नहीं कटा

# संशय में खरीदी: एप से नहीं कट रहा टोकन, हड़ताल से तैयारियां प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आगामी 15 नवंबर से शुरू होने वाली धान की सरकारी खरीदी की तैयारियां अब तक पटरी पर नहीं आ पाई है, जहां समिति प्रबंधक और कम्प्यूटर ऑपरेटरों की हड़ताल की वजह से केंद्रों में व्यवस्थाएं नहीं बन पा रही है। वहीं एप काम नहीं करने की वजह से अब तक किसानों को टोकन जारी नहीं हो पाए हैं।हालांकि पहले दिन औपचारिक खरीदी करने के लिए प्रशासन अपनी तैयारी कर रही है।

उल्लेखनीय है कि शासन के निर्देशानुसार इस बार धान खरीदी शनिवार 15 नवंबर से शुरू होने जा रही है। इससे पहले जिले में मंगलवार और बुधवार को ट्रायल रन किया गया। समिति प्रबंधकों एवं कम्प्यूटर ऑपरेटरों के हड़ताल में होने के चलते नोडल और प्रभारी बनाए गए अधिकारियों के भरोसे यह ट्रायल रन किया गया। ज्ञात हो कि 3 नवंबर से कम्प्यूटर ऑपरेटर्स, सहकारी समिति के कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। उन्होंने अपनी चार सूत्रीय मांगें पूरी होने के बाद काम पर लौटने की चेतावनी दी है। ऐसे में कर्मचारियों की हड़ताल और शनिवार-रविवार अवकाश के चलते 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू होने पर संशय की स्थिति बनी हुई है। बता दें कि कर्मचारियों की समय पर वेतन, कमीशन और पेनाल्टी राशि समेत 4 मांग है। वहीं अब तक जहां किसानों को ऑनलाइन टोकन नहीं मिल पा रहा है। वहीं हड़ताल की वजह से अब तक ऑनलाइन टोकन भी जारी नहीं हो पाया है।



### जिले में 1.28 लाख पंजीयन

धान बेचने के लिए अविभाजित राजनांदगांव जिले में 2.39 लाख किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। इनमें राजनांदगांव जिले के 128410 किसान, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के 68833 और मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के 42038 किसान शामिल हैं। मिली जानकारी के अनुसार अब तक तीनों ही जिलों में किसी भी किसान को ऑनलाइन टोकन नहीं जारी किया गया है।

### प्रति क्विंटल 3169 रुपए

इस वर्ष 15 नवंबर से 31 जनवरी तक धान खरीदी की जाएगी। राज्य सरकार किसानों से प्रति एकड़ में अधिकतम 21 क्विंटल तक धान खरीदेगी। खरीदी का समर्थन मूल्य इस वर्ष 3 हजार 169 रुपए प्रति क्विंटल तय किया गया है। धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 69 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोत्तरी हुई है।

### 17 से ही रफ्तार पकड़ेगी खरीदी

भले ही राज्य शासन के निर्देशानुसार 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू करने की तैयारी है, लेकिन इसमें कई पेंच फंस गए हैं। 15 नवंबर को शनिवार और 16 नवंबर को रविवार होने के कारण सरकारी अवकाश रहेगा, जिसने अधिकारियों को असमंजस में डाल दिया है कि खरीदी वास्तव में कब से शुरू की जाए।

## धान खरीदी के लिए 9 लाख नए बारदाने मिले, मिलर्स से जुटाएंगे पांच लाख बारदाना

**राजनांदगांव।** धान खरीदी शुरू होने से पहले खरीदी केंद्रों में नए बारदाने की व्यवस्था शुरू कर दी गई है। जिले की 96 समितियों में 1800 गठान यानि लगभग 9 लाख नए बारदाने उपलब्ध कराए गए हैं। इसके अलावा खरीदी के लिए मिलर्स से भी पांच लाख नग के करीब पुराने बारदाने समितियों को उपलब्ध कराए जाएंगे।

मिली जानकारी के अनुसार शुरूआती दौर में सभी किसान से आधे नए और आधे पुराने बारदाने के जरिये खरीदी की जानी है। नए बारदाने खरीदी केंद्रों में उपलब्ध करा दिए गए हैं, परन्तु पुराने बारदानों का अभी आना शेष है। हालांकि इस बार किसानों से बारदाने लेने का कोई आदेश जारी नहीं हुआ है। ऐसे में समितियां ही किसानों को धान बिक्री के लिए बारदाने उपलब्ध कराएगी।

### लगेंगे दो करोड़ बारदाने

ज्ञात हो कि प्रति बारदाना में 40 किलो धान की भर्ती की जाती है। इस अनुसार से जिले में लगभग 76.54 लाख क्विंटल धान की खरीदी होनी है, ऐसे में जिले में लगभग दो करोड़ नग बारदाने की जरूरत होगी। पहले चरण में नए और पुराने बारदाने मिलाकर लगभग 15 लाख नग बारदाने की व्यवस्था कर दी गई है।

# अलर्ट मोड में पुलिस सघन चेकिंग से मचा हड़कंप, हो रही जांच

## दो पहिया वाहनों की हो रही जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



जिले में पुलिस द्वारा दूसरे दिन भी एमसीपी लगाकर संदिग्धों की जांच पड़ताल की गई। इस दौरान वाहनों की कागजात एवं लोगों के पहचान पत्र की बारिकी से जांच की गई।

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन में जिलेभर में पुलिस अलर्ट मोड पर रही। कल दूसरे दिन भी एमसीपी लगाकर संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों और वस्तुओं की सघन जांच की गई।

इस दौरान जिले के थाना बसंतपुर, सोमनी, लालबाग, घुमका, डोंगरगढ़, छुरिया, यातायात पुलिस एवं पुलिस चौकी चिखली, मोहरा, तुमड़ीबोड पुलिस द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी गई। मोबाइल चेक पोस्ट लगाकर संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों और वस्तुओं की सघन जांच की गई। जिले में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए राजनांदगांव पुलिस लगातार अलर्ट मोड में है। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में दूसरे दिन भी जिलेभर में एमसीपी, मोबाइल चेक पोस्ट लगाकर संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों और वस्तुओं की सघन जांच की गई।

### संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी

थाना बसंतपुर, सोमनी, लालबाग, घुमका, डोंगरगढ़, छुरिया, यातायात पुलिस एवं पुलिस चौकी चिखली, मोहरा, तुमड़ीबोड पुलिस द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष चेकिंग की गई। इस दौरान आने-जाने वाले वाहनों के कागजात, पहचान पत्र एवं सामान की बारीकी से जांच की गई। साथ ही संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। यह अभियान जिले की सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से लगातार जारी रहेगा। पुलिस के इस अभियान से असमाजिक तत्वों में हड़कंप मचा हुआ है।

# टांकाघर में वापस पहुंचा बिका हुआ ठेला, दोषियों पर एफआईआर की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अतिक्रमण में एक गरीब व्यक्ति से जब्त किए गए गुमटीनुमा ठेला को नगर निगम कर्मचारी और भाजपा नेता की मिलीभगत से 15000 रुपए में दूसरे गरीब व्यक्ति को बेचने का मामला मंगलवार को सामने आया था। इसके बाद थाना में शिकायत हुई और फिर भाजपा नेता एवं निगम कर्मचारी के बीच एक-दूसरे पर पैसे लेने का आरोप लगाया जाता रहा। वहीं आज दोपहर को उक्त बेचे गए ठेले को लखोली क्षेत्र से मंगवाकर वापस टांकाघर में रख दिया गया है।

ठेला बेचे जाने के मामले में शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि नगर निगम ने जिस ठेले को जब्त कर तक टांकाघर में रखा था, उस ठेले को बेच दिया गया था। थाना में जब इस मामले की शिकायत की गई तो ठेला खरीदने वाले को बुलाया गया, तब पता चला कि इस ठेले को भाजपा नेता आशीष डोंगरे को उसने 15000 हजार रुपए देकर खरीदा था। थाना में जब भाजपा नेता को बुलाया गया तो उसने पैसा लेना स्वीकार किया और पैसा लेकर निगम के इंजीनियर चिराग मेश्राम को देना बताया, जब निगम कर्मचारियों को बुलाया गया तो दोनों में पैसे के लेनदेन की बात को लेकर आपसी बहस होती रही। कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि एक तरफ अतिक्रमण के नाम पर छोटे फुटकर व्यापारियों का सामान जब्त किया जा रहा है और दूसरे तरफ इस सामान को बेचा जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी जब्त ठेलों की जांच हो और कहां-कहां किसे बेचा गया है, इसका खुलासा होना चाहिए। उन्होंने इस मामले में दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

### पाई-पाई जमा कर बनवाया था ठेला

पीड़ित रवि कुमार ने बताया कि वह कई वर्षों से पोस्ट ऑफिस के सामने दुकान लगा रहे हैं और थोड़ा-थोड़ा पैसा जमा कर उन्होंने इस ठेले को 82 हजार रुपए में बनवाया था। निगम द्वारा ठेला जब्त करने के बाद वह उसे जाकर देखते भी थे। कुछ दिन पहले जब वह गांव गए हुए थे, तब उनका ठेला बेच दिया गया। उन्होंने कहा कि इस मामले की शिकायत के बाद अब ठेला वापस लाया गया है, लेकिन उन्हें नहीं दिया गया है। उन्होंने ठेला बेचने वालों पर कार्रवाई की मांग की है।

### क्रेन की मदद से वापस आया ठेला

ठेला बेचने के मामले में फंसे नगर निगम कर्मचारी और भाजपा नेता द्वारा इस ठेले को वापस मंगवाया गया। आज दोपहर ट्रैक्टर में लादकर इस ठेले को नगर निगम के टांकाघर में लाया गया और क्रेन की सहायता से नीचे उतारकर रखा गया। इस पूरे मामले के सामने आने से प्रमाणित होता है कि गलत तरीके से लाभ अर्जित करने की मंशा से ठेले को बेचा गया और मामला सामने आने के बाद वापस मंगा लिया गया। अब इस मामले से अन्य ठेलों को भी बेचे जाने का संदेह बना हुआ है। जिसकी जांच कर कार्रवाई की जानी चाहिए।

# थाना-चौकी का एसपी शर्मा ने किया औचक निरीक्षण, प्रार्थी व जवानों की समस्याएं सुनीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



जिला पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने आज अचानक थाना बागनदी एवं पुलिस चौकी चिचोला का निरीक्षण किया। इस दौरान उपस्थित प्रार्थियों एवं जवानों की समस्याएं सुनकर त्वरित निराकरण का आश्वासन दिया।

बुधवार 12 नवंबर को पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने जिले के थाना बागनदी एवं पुलिस चौकी चिचोला पहुंचकर थाना व चौकी का औचक निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक ने इस दौरान थाना में रखे दस्तावेज, ० ही सी एन बी, रोजनामचा, अन्य रजिस्टर, लंबित अपराध, लंबित शिकायत आदि का अवलोकन कर लंबित मामलों को जल्द से जल्द निकाल करने कहा गया। थाना की साफ-सफाई, जवानों की वेशभूषा को भी देखा गया। साथ ही थाना के शस्त्रागार, रिकार्ड रूम का निरीक्षण किया गया।

### प्रार्थियों की सुनी समस्याएं

थानों में जब्त खड़े वाहनों के निराकरण करने हेतु दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना एवं चौकी में शिकायत लेकर आने वाले प्रार्थियों से भी चर्चा कर उनकी समस्याओं को सुना एवं त्वरित निराकरण करने हेतु थाना व चौकी प्रभारी को निर्देशित किया गया।

### स्टाफ से मुलाकात

इसके अतिरिक्त थाना में तैनात पुलिस स्टाफ से रूबरू होकर उनकी समस्याओं के बारे में पूछा और उसके निदान हेतु आश्वासन दिया गया। इस दौरान थाना प्रभारी बागनदी निरीक्षक ढाल सिंग एवं पुलिस चौकी चिचोला प्रभारी निरीक्षक योगेश पटेल एवं थाना व चौकी स्टाफ उपस्थित थे।

# सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वालों पर पुलिस टीम ने की कार्रवाई

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़कर 20 पौवा शराब बरामद किया है। वहीं सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन करने वालों पर भी कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस चौकी चिखली क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने 12 नंवबर को अवैध शराब परिवहन करने वाले आरोपी अजय गुप्ता 39 साल मोतीपुर रामनगर के कब्जे से 20 पौवा रोमियो देशी शराब कीमती 1600 रुपए को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इसी प्रकार



अभियान कार्रवाई में 11 नवंबर की रात्रि सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वाले आरोपी प्रेमचंद देवदास 27 साल साकिन मोहबा, टिकेश्वर कौशिक 19 साल साकिन मोहबा के विरूद्ध पृथक-पृथक धारा 36 (च) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत कार्रवाई किया गया।

### फरार आरोपी पकड़ाया

पुलिस के अनुसार अवैध शराब बिक्री हेतु परिवहन करते पाए जाने पर किए गए अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के फरार आरोपी विशाल उत्केल 33 साल साकिन स्टेशनपारा वार्ड नं. 12 को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया।

## सरदार पटेल ने दृढ़ इच्छाशक्ति से किया रियासतों का एकीकरण : विस अध्यक्ष

# जज्बे और उत्साह के साथ शहर में निकाला यूनिटी मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

देश के पहले उप प्रधानमंत्री भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम से यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया। देश की एकता, अखंडता और सामाजिक सौहार्द्र के लिए सरदार वल्लभ भाई पटेल की स्मृति में जज्बे एवं उत्साह के साथ जनप्रतिनिधियों, युवाओं एवं नागरिकों की रैली अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम से गौरवपथ से होते हुए स्वामी विवेकानंद चौक, डॉ. भीमराव अम्बेडकर चौक होते हुए गुरूद्वारा में समाप्त हुई।

भारतमाता की जय, सरदार पटेल अमर रहे, वंदे मातरम् के उद्घोष के साथ ढोल-मंजीरे की मंगल ध्वनि से रैली निकाली गई। यूनिटी मार्च के समापन कार्यक्रम को संबोधित करते विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आजादी के बाद देश को एकता के सूत्र में आबद्ध करने का महत्वपूर्ण कार्य लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने किया। सरदार पटेल के अवदानों को स्मरण करते उन्होंने कहा कि आजादी के पहले 565 रियासतें थी। जिसकी अलग-अलग ध्वज और पहचान थी। अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति से सरदार पटेल ने देश के रियासतों का एकीकरण किया। आने वाली पीढ़ी के लिए उनका जीवन एवं आदर्श प्रेरणादायक एवं मार्गदर्शी है। उन्होंने सामाजिक सौहार्द्र तथा देश की एकता व अखंडता को मजबूती प्रदान की है। सरदार पटेल का यह संदेश कि हम एक हैं तो देश का विकास है, जन-जन तक पहुंचे। विधानसभा अध्यक्ष ने सभी को आत्मनिर्भर भारत तथा नशामुक्त भारत की शपथ दिलाई।



### एक भारत-श्रेष्ठ भारत का दिया नारा: सांसद

सांसद संतोष पांडे ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश के एकीकरण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने जूनागढ़, हैदराबाद सहित विभिन्न रियासतों का भारत में एकीकरण किया। लौह पुरूष सरदार पटेल का जीवन संघर्षों में बीता। उन्होंने देश की आजादी की लड़ाई में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। सरदार पटेल ने आत्मनिर्भर भारत, एक भारत श्रेष्ठ भारत का नारा दिया।

### समर्पित भाव से की सेवा: मेयर

महापौर मधुसूदन यादव ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर उन्हें याद करते कहा कि वे देश के पहले उप प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री थे। उन्होंने देश के एकीकरण के लिए महत्वपूर्ण कार्य किया तथा समर्पित भाव से देश की सेवा की।

**जनप्रतिनिधियों की रही उपस्थिति :** इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिमा चंद्राकर, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल अध्यक्ष योगेशदत्त मिश्रा, कोमल सिंह राजपूत, खूबचंद पारख, विनोद खांडेकर, रामजी भारती, सचिन बघेल, रमेश पटेल, संतोष अग्रवाल, गीता साहू, सुरेश एच. लाल, सौरभ कोठारी, भावेश बैद, कलेक्टर जितेन्द्र यादव, जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, प्रेमप्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, जिला खेल अधिकारी ए. एक्का, डीसी अभिषेक तिवारी, डीसी अंकित चौहान सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी, खिलाड़ी, विद्यार्थी एवं नागरिकगण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### तीन दिवसीय भक्तिमय कार्यक्रम आज से

**डोंगरगढ़।** वार्ड 17 में सुमित सौमित्र सोनी परिवार ने भक्तिमय कार्यक्रम का आयोजन किया है जिसमें सिवनी के लाड़ले सरकार कल 13 नवंबर को शामिल होंगे। इस अवसर पर भक्तों का श्रद्धा और उत्साह देखने लायक होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ 13 नवंबर को प्रभु के आगमन और सहस्त्रधारा, दूध अभिषेक से होगा। दोपहर तक पूजन और शाम को द्वारकाधीश के दर्शन होंगे। इसी क्रम में 14 नवंबर को सहस्त्र अर्चना, शाम को प्रभु का नगर भ्रमण होगा। इस दिन महिलाओं का परिधान गुलाबी रहेगा। आगामी 15 नवंबर को महाप्रसादी वितरण दोपहर को होगा। शाम को रामायण पाठ, छप्पन भोग के साथ भक्ति संध्या का आयोजन होगा। समापन 16 नवंबर को कान्हा की विदाई के साथ होगा। तीनों ही दिन शाम 7 बजे से द्वारकाधीश आरती दर्शन रखा गया है।

### स्कूल में नीरज बाजपेयी का अभिनंदन




**डोंगरगांव।** नीरज विद्या मंदिर मोहड़ में दानवीर भामा शाह राज्य अलंकरण से अलंकृत इंजी. नीरज बाजपेयी का अभिनंदन किया गया। गरिमामय कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों ने स्वागत किया। विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। प्राचार्य सुश्री अंजुम जहान ने श्री बाजपेयी को बधाई दी। पुष्पा बाजपेयी ने कहा कि शास्त्रों में दान धर्म की वृहद व्याख्या हुई है। उन्होंने श्री बाजपेयी के सेवा कार्यों का उल्लेख किया। श्री बाजपेयी ने कहा कि उन्हें पीड़ित मानवता की सेवा करने की शिक्षा और संस्कार परिवार से मिले हैं। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता डॉ. लोकेश शर्मा ने किया। यह जानकारी घनश्याम तिवारी ने दी।

### विद्यार्थियों को दी वित्तीय जानकारी



**खड़गांव।** कुम्हली में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बुकलेट एवं पाम्पलेट वितरण कर वित्तीय साक्षरता के तहत बचत, बजट, निवेश, डिजिटल लेनदेन, नेट बैंकिंग, मुद्रा लोन, महिलाओं के लिए इंटरप्रेनोर लोन, शिक्षा लोन, बैंक की योजनाएं, बैंकिंग सेवाएं, बीमा योजना जैसे जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, पेंशन योजना, अटल पेंशन योजना, एनपीएस, वात्सल्य, पीपीएफ, एटीएम का इस्तेमाल, आधार कार्ड- पेन कार्ड की जरूरत आदि की जानकारी दी गई। इस मौके पर ऑनलाइन धोखाधड़ी एवं उसके बचाव के तरीके आदि के बारे में भी बताया गया। इस मौके पर निलिमा जैन, बैंक अधिकारी चन्द्रशेखर सोनी, हेमलाल सिन्हा, जयकिसन सिन्हा आदि मौजूद थे।


### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण ने भूस्वामीगण मोहम्मद उमर आत्मज मोहम्मद फारूक एवं मोहम्मद सिद्धिक आत्मज मोहम्मद फारूक, दोनों निवासी- ग्राम गोपालपुर, पोष्ट-घुमका, तहसील घुमका, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.) के संयुक्त नाम, स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि जो ग्राम घुमका, प.ह.नं. 06, रा.नि.मं. घुमका, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.) में स्थित है। जिसका खसरा नंबर 1586/2, कुल रकबा 0.65 डिसमिल (0.263 हेक्टेयर) में से रकबा 0.55 डिसमिल (पूर्व दिशा में 10 डिसमिल छोड़कर) को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर बयाना राशि प्रदान कर दिया है तथा उक्त वर्णित कृषि भूमि के क्रय-विक्रय के संबंध में मेरे पक्षकारगण एवं भूस्वामीगण के मध्य में विधिवत इकरारनामा/ पक्का सौदा निष्पादित किया जा चुका है तथा शासन के आगामी आदेश तक भूमि के विक्रय पंजीयन की कार्यवाही प्रतिबंधित होने से विक्रय पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, साहूकार, समिति, शासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग, वित्तीय निकाय आदि को उक्त संव्यवहार के संबंध में, उसके आधिपत्य एवं स्वामित्व से संबंधित कोई आपत्ति या दावा हो तो मेरे इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा समयावधि पश्चात की गई आपत्ति झूठी व गैर कानूनी मानी व समझी जावेगी जो मेरे पक्षकारगण पर बंधनकारी नहीं होगी।

सूचना जाने।
राजनांदगांव (छ.ग.)
दिनांक 13.11.2025

**रोहित बिसेन** (अधिवक्ता)
कार्यालय - अनुपम नगर, गरचा काम्प्लेक्स, राजनांदगांव. मो. नं.- 98271-97387


### नगर अध्यक्ष ने नवीनीकरण की रखी मांग, दो महीने पहले हुआ था प्रदर्शन

# सड़क मरम्मत के शुरू होते ही विवाद कर्मियों के साथ गाली-गलौज और मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

नगर में राजीव गांधी चौक के मध्य स्थित खस्ताहाल एक किमी जर्जर सड़क का लोक निर्माण विभाग ने संधारण शुरू कर दिया है। पीडब्ल्यूडी के अधीन आने वाले इस मार्ग का विभाग द्वारा बारिश के बाद पेच रिपेयर कराया जा रहा है, जबकि नागरिक गड्ढों से भरी सड़क के नवीनीकरण करने की मांग कर रहे है।


एक वर्ष लंबे इंतजार के बाद लोक निर्माण विभाग द्वारा राजीव गांधी चौक से शहीद चौक तक रोड का मरम्मत किया जा रहा है। बारिश के समय गड्ढों से भरी जर्जर सड़कों को लोक निर्माण विभाग द्वारा मुरूम मिट्टी एवं मिट्टी से भरा जाता था लेकिन यह मरम्मत बारिश के चलते एक- दो दिन ही टिक पाती थी। बारिश खत्म होने के बाद विभाग द्वारा मरम्मत के नाम पर गड्ढों को डामर से भरकर पेच रिपेयर किया जा रहा है। देखना यह है कि लोक निर्माण विभाग का यह पेच रिपेयर कितने दिन टिकता है। पेच रिपेयर काम को लेकर अभी से शिकायतें आने लगी है। नागरिकों की शिकायत है कि लोक निर्माण विभाग मरम्मत संधारण के नाम पर केवल खानापूर्ति करने में जुटा है।

#### हो चुका थरहा रोपकर प्रदर्शन

उल्लेखनीय है कि दो महिने पहले नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने अपने समर्थकों और कार्यकर्ताओ के साथ राजीव गांधी चौक पर धान का थरहा रोप कर मरम्मत की मांग करते हुए प्रदर्शन किया था। नगर अध्यक्ष ने सडकों की मरम्मत के लिए पीडब्ल्यूडी के सब डिवीजन कार्यालय का घेराव भी किया था।

#### शिकायत की जाएगी

लोक निर्माण विभाग के एसडीओ संजय जागृत ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। वरिष्ठ अधिकारियों को घटना की जानकारी दी गई है। उच्चाधिकारियों के निर्देश मिलते ही पुलिस में शिकायत दर्ज कराई जाएगी।



#### नगर पंचायत ने भेजा नोटिस

जानकारी के अनुसार राजीव गांधी चौक से लाल भीष्मदेव शाह चौक एवं शहीद चौक के मध्य मेन रोड से सटकर जिनके आवास एवं दुकान है वह निस्तार का पानी सड़क पर छोड रहे है, जिससे डामर उखड रहा है। मार्ग पर गढढे उभर रहे है। नगर पंचायत ने मेन रोड में निस्तारण का पानी छोड़ने वाले दुकानदारों एवं आवास मालिकों को नोटिस भेज कर पानी नही छोड़ने की चेतावनी दी है।

#### मारपीट के शिकार कर्मियों ने की शिकायत

नगर के राजीव गांधी चौक से शहीद चौक तक रोड में मंगलवार को जैसे ही लोक निर्माण विभाग के कर्मियों ने सफाई एवं दुकान एवं घरों के पानी की उचित निष्पादन के लिए सोख्ता गड्ढा का निर्माण कार्य शुरू किया तो वहां पर रहने वाले दो जमीन मालिकों ने लोक निर्माण कर्मियों के साथ गाली गलौज एवं मारपीट कर दी। दुर्व्यवहार एवं मारपीट के शिकार इन कर्मियों ने घटना की शिकायत वरिष्ठ अधिकारियों से की है।

#### नए सिरे से नवीनीकरण की मांग

नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने कहा कि नगर के अंदर एक किमी सड़क अत्यंत जर्जर हो गई है। सड़क पर जगह जगह गड्ढे हो गए है। गिट्टी बाहर निकल आई है। खस्ताहाल और गड्ढों से भरी सड़क पर छोटी बड़ी दुर्घटना होते रहती है। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने लोक निर्माण विभाग से राजीव गांधी चौक से शहीद चौक तक नए सिरे से सड़क नवीनीकरण करने की मांग की है। शहीद चौक से पुराना हॉस्पिटल चौक, भारत माता चौक एवं चिल्हाटी रोड का मरम्मत संधारण करने की मांग की है। अध्यक्ष ने चेतावनी दी है कि नए सिरे से सड़कों को नवीनीकरण नहीं कराया गया तो वह सड़क पर आकर लोक निर्माण विभाग के खिलाफ मोर्चा खोलेंगे।

## डीलापहरी हाईस्कूल में जूनियर जी कार्यक्रम



**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव की प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन एवं हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. शंकर मुनि राय के संयोजन में जूनियर जी कार्यक्रम का आयोजन शा.उ.मा. विद्यालय डीलापहरी में किया गया। हिंदी विभाग के प्राध्यापक डॉ. प्रवीण कुमार साहू, डॉ. नीलम तिवारी के साथ स्नातकोत्तर अंतिम हिंदी के 20 विद्यार्थियों की टीम ने इस कार्यक्रम में सहभागिता की।

उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा जूनियर जी कार्यक्रम के तहत स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों को हाईस्कूल के विद्यार्थियों के लिए मेंटर नियुक्त किया गया है। डॉ. शंकर मुनि राय ने बताया कि स्कूल के विद्यार्थियों की अध्यापन संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए जूनियर जी कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों को स्कूल के बच्चों से बात कर मित्रवत उनकी समस्याओं का समाधान करके रिकॉर्ड रखना अपेक्षित है। संप्रेषण को सहज बनाने कॉलेज और स्कूल के बच्चों को आपस में परिचय भी कराया गया।

विभागीय प्राध्यापक डॉ. प्रवीण कुमार साहू ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से 12वीं के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों एवं विषय चयन की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही अपार आईडी और डिजिलॉकर की उपयोगिता एवं महत्व के बारे में भी बताया। स्कूल प्राचार्य रमन लाल शैंडे, व्याख्याता धनेश साहू का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में आरती झरिया, खिलेश्वरी देवांगन, अदिति धमगाए, आयशा, विजय, डिलेश, रानू, उमेश्वरी, जीतेश्वरी, हसीना एवं स्कूल के 100 से अधिक विद्यार्थी उपस्थित थे।

## रजत महोत्सव : मुफ्त बिजली योजना बनी आकर्षण का केन्द्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना दिवस के रजत महोत्सव पर राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में आयोजित भव्य राज्योत्सव में बिजली विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल विशेष आकर्षण के केंद्र बने हुए थे। 03 जिलों में प्रदर्शित विद्युत विभाग के स्टॉलों को "पीएम सूर्य घर के मॉडल" से भरपूर प्रतिसाद मिल रहा था, जहां पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी लेने लोगों में जबर्दस्त उत्साह नजर आया। राजनांदगांव जिले में आयोजित स्थापना दिवस के रजत महोत्सव पर राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने विभाग के स्टॉल पर उपस्थित होकर शहर एवं ग्रामीण इलाकों के लोगों को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना, शहरी एवं ग्रामीण परिवारों विशेषकर निम्न एवं मध्यम आय वर्ग को घर की छत पर सोलर पैनल लगाकर बिजली में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे न केवल बिजली बिल में बचत होती है, बल्कि अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में बेचकर आय का स्त्रोत भी बनाया जा सकता है।

#### लाभ से कराया अवगत

इस अवसर पर राजनांदगांव वृत के अधीक्षण अभियंता शंकेश्वर कंवर ने पीएम-कुसुम योजना के बारे में जानकारी दी। स्थापना दिवस पर विद्युत कर्मियों द्वारा योजनाओं के ब्रोशर, पाम्पप्लेट एवं मार्गदर्शिका का निःशुल्क वितरण कर नागरिकों को योजना के लाभों जैसे 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली, केंद्र और राज्य सरकार की सब्सिडी (जो कि केन्द्र की 78000 रुपए एवं राज्य की 30000 रुपए कुल 08,000 तक की है), सहित रूफटॉप सोलर पैनल लगाने की आसान ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया जा रहा है। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता एम के साहू, सहायक अभियंता रोहित मंडावी, हिमांशु भूआर्य सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी अपना विशेष योगदान प्रदान कर रहे हैं।

## ओवरलोड डंपरों से सड़कें खस्ताहाल

### खनिज विभाग की निष्क्रियता संदेह के घेरे में

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई क्षेत्र की मुख्य मार्गों पर बीते कई महीनों से रेत और गिट्टी से भरे ओवरलोड डंपरों का बेखौफ आवागमन हो रहा है जिससे न केवल सड़कें तबाह हो रही हैं, बल्कि गंभीर दुर्घटनाओं का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है। हैरानी की बात यह है कि प्रतिदिन दर्जनों ओवरलोड और बिना रॉयल्टी के वाहन बेख़ौफ़ गुजर रहे हैं, लेकिन खनिज सहित अन्य विभाग आँखें बंद किए हुए हैं।

सूत्रों के अनुसार गंडई क्षेत्र के मुख्य मार्गों से प्रतिदिन दर्जनों की संख्या में डंपर और ट्रक ओवरलोड रेत और गिट्टी भरकर गुजरते हैं। यह प्रक्रिया खुलेआम चल रही है, फिर भी अधिकारियों द्वारा न तो जांच नाका स्थापित किया जाता है, न ही इन वाहनों की चेकिंग की जा रही है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि खनिज विभाग की कार्यप्रणाली पूरी तरह से संदेह के घेरे में है, और उसकी निष्क्रियता के कारण ही ओवरलोड गाड़ियों के आवागमन में जबरदस्त वृद्धि हुई है। कहा जा रहा है कि या तो अधिकारियों को इसकी जानकारी नहीं है, या फिर जानबूझकर अवैध गतिविधियों को मौन स्वीकृति दे रहे हैं।



#### बिगड़ रही सड़कों की दशा

ओवरलोड डंपर के चालकों द्वारा ग्राहकों को खुश करने के लिए मनमाने ढंग से रेत भरा जा रहा है। क्षमता से अधिक भार के कारण क्षेत्र की सड़कें जर्जर हो रही हैं, जिससे जनता का आवागमन दूभर हो गया है। चिंता का विषय यह है कि ओवरलोड वाहनों और तेज गति के किसी भी समय गंभीर दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। जनता सवाल उठा रही है कि क्या खनिज विभाग किसी बड़ी दुर्घटना के इंतजार में है। समय रहते इन ओवरलोड, बिना रॉयल्टी वाले डंपरों पर प्रभावी कार्यवाही नहीं की गई, तो जनता का आक्रोश सड़कों पर दिख सकता है। गाड़ियों में भरी रेत को ढका नही जाता है जो उड़कर बाइकर्स की आखों में घुसकर चुभती है जिससे दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है।

#### फोन हमेशा व्यस्त

इस संबंध में जानकारी लेने जब खनिज विभाग के निरीक्षक बबलू पांडे से संपर्क करने का कई बार प्रयास किया किन्तु उनका नम्बर हमेशा व्यस्त होने से उनका पक्ष नहीं मिल सका।

## एनएसएस कैम्प में सायबर अपराध पर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मिनीमाता शासकीय गर्ल कॉलेज द्वारा जंगलपुर में 7 दिवसीय विशेष शिविर कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें पुलिस द्वारा ग्रामिणों एवं एनएसएस के वॉलेंटियरों को जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में सायबर सेल के अधिकारियों द्वारा सायबर अपराधों से बचाव के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही पाम्प्लेट बांटा गया। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन पर सायबर सेल से अधिकारियों द्वारा एनएसएस कैम्प जंगलपुर पहुंचकर सभी एनएसएस के वॉलेंटियरों, छात्राओं, उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों को सायबर फ्रॉड के विभिन्न प्रकार एवं उनसे बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर जंगलपुर सरपंच भुपेन्द्र साहू, मोनिका दास, इंदुलता साहू एवं सायबर सेल से सउनि द्वारिका प्रसाद लाउत्रे, आरक्षक हेमंत साहू सहित ग्राम के जनप्रतिनिधि व छात्राएं उपस्थित थे।

#### सायबर सुरक्षा सबकी जिम्मेदारी

उन्होंने ऑनलाइन ठगी, एपीके फाईल, फिशिंग, ओटीपी शेयरिंग, सोशल मीडिया फ्रॉड एवं सायबर सुरक्षा से जुड़ी सावधानियों के बारे में छात्रों को जागरूक किया। सायबर अपराध घटित होने पर हेल्प लाइन नंबर 1930 पर कॉल कर अपना शिकायत दर्ज करने को कहा गया। "सायबर सुरक्षा सबकी जिम्मेदारी" के संदेश के साथ विद्यार्थियों को सतर्क रहने की अपील की गई।



### अधिवेशन का आयोजन

## महिलाओं के आत्मनिर्भर होने से परिवार और समाज का विकास

हरिभूमि न्यूज ⏭ औंधी

बिहान से जुड़े ममता संकुल संगठन औंधी ने मंगलवार को वार्षिक अधिवेशन एवं आम सभा का आयोजन किया। कार्यक्रम में सदस्याएँ, पदाधिकारी एवं ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएँ बड़ी संख्या में शामिल हुई। शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह, विशिष्ट अतिथि जिपं उपाध्यक्ष भोजेश शाह मंडावी ने दीप प्रज्जवलन कर किया। तत्पश्चात स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। संगठन की अध्यक्ष ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए गतिविधियों और उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संगठन ने महिला स्वावलंबन, पोषण, बाल शिक्षा और स्वास्थ्य जागरूकता के क्षेत्र में कई कार्य किए हैं।




#### महिलाओं की तारीफ

मुख्य अतिथि नम्रता सिंह ने संबोधन में कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने में ममता संकुल संगठन औंधी की भूमिका सराहनीय है। महिलाएँ जब आत्मनिर्भर बनती हैं, तो परिवार और समाज दोनों की प्रगति होती है। उन्होंने संगठन की सभी कार्यकर्ताओं को समाज सेवा करने प्रेरित किया।विशिष्ट अतिथि भोजेश शाह मंडावी ने कहा कि बिहान योजना के माध्यम से महिलाओं ने जो आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाया है, वह ग्रामीण विकास की रीढ़ है। अधिवेशन में आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। सदस्यों ने विभिन्न सुझाव देते हुए गतिविधियों को अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया। इस मौके पर संगीता मिश्रा, पुष्पा आत्राम, चंदन उसारे, घसिया नाग, जटाशंकर मिश्रा सहित अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे। अंत में स्वयंसेविकाओं को अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। अध्यक्ष रामवंती, पीआरपी कलेश्वरी लहरे ने आभार व्यक्त किया।

### श्रद्धापूर्वक की गई कालभैरव की पूजा



**डोंगरगढ़।** कालभैरव अष्टमी के अवसर पर नगर के विभिन्न मंदिरों में भक्तों ने भगवान कालभैरव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। सुबह श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पहुंचकर दूध, दही, फूल, बेलपत्र, तेल व नारियल के साथ पूजा किया। कालभैरव मंदिर में हवन, आरती और भजन संध्या का आयोजन हुआ। भक्तों ने भगवान कालभैरव से सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। मंदिर ट्रस्ट समिति के सदस्य अनिल गटटानी सहित अन्य ने पूजा में शामिल हुए। अंत में प्रसाद वितरण किया गया।

## कैंसर उन्मूलन पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जेवरतला रोड़

जिला शिक्षा अधिकारी बालोद के आदेश अनुसार उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में कैंसर मुक्त भारत अभियान अंतर्गत स्टॉप कैंसर मिशन पर कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य आरके देवांगन, संयोजक लीलेंद्र देवांगन तथा काउंसलर गीता नरेटी नागपुर शामिल हुई। संचालन व्याख्याता अजय पाठक ने किया। कार्यशाला में प्राथमिक, माध्यमिक व हायर सेकंडरी विद्यालय के शिक्षकों को कैंसर, कारण और बचाव के तरीके बताए गए।



कार्यशाला में बीआर साहू, सीमा कौमार्य, देवी साहू, चमेली कोसीमा, हिमा देहरी, आभा डोंगरे, वर्षा साहू, निवेदिता महेश्वर, कुलेंद्र राणा, सारिका वर्मा, संजय साहू, नेहा साहू, गायत्री देवांगन, चंद्रमणि वासनिक, टीएल देवांगन, वेदप्रकाश साहू, लिखनराम सर्पा, पवन सिन्हा, हेपशीबा एंथोनी, सरोज रत्न बाला, कमलेश्वर सिंह, नूतन साहू, आशीष साहू शामिल हुए।

## कर्मियों का पारिवारिक मिलन समारोह आयोजित

■ कार्यक्रम में दिखे छत्तीसगढ़ के विविध सांस्कृतिक रंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

छत्तीसगढ़ रेलवे संगवारी संघ ने गत 9 नवंबर को पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में रेलवे परिचालन संघ के उन सदस्यों ने भाग लिया, जो छत्तीसगढ़ के निवासी हैं। कार्यक्रम में मंच संचालन, कविता, गीत एवं नृत्य शामिल थे जो छत्तीसगढ़ी में थे। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के वंदन एवं राजकीय गीत की प्रस्तुति के साथ हुआ। संघ के अध्यक्ष कुंभकार द्वारा संघ के प्रतीक चिन्ह का विमोचन किया। महिलाओं और बच्चों ने छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। इस दौरान मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया।



# 637 लाख की लागत से 4 लेन सिथेटिंक एथलेटिक ट्रेक का होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में खेल गतिविधियों की समीक्षा बैठक ली। विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि जिले में खेल अधोसंरचना को मजबूत बनाने विशेष तौर पर कार्य किए जा रहे हैं।

हॉकी एवं झांकी राजनांदगांव का गौरव है। महंत राजा सर्वेश्वरदास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन आगामी जनवरी माह में अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में कराएंगे। उन्होंने अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के आयोजन के लिए आवश्यक अनुमति एवं सहमति की प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की यह प्रतियोगिता अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम या दिग्विजय स्टेडियम में होगा। इस संबंध में निर्धारित समय में होने वाली तैयारी के दृष्टिगत निर्णय लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि दिग्विजय स्टेडियम में विद्युतीकरण सहित अन्य प्रस्ताव केन्द्र एवं राज्य स्तर पर विचाराधीन है, उन पर कार्य करते बेहतर कार्य करेंगे।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने जिले के विभिन्न संघ के प्रतिनिधियों से खेल गतिविधियों तथा अधोसंरचना को मजबूत करने के संबंध में चर्चा की।

### खेलो इंडिया सेंटर से मिल रही ट्रेनिंग

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने बताया कि खेलो इंडिया लघु सेंटर अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में 35 बालक व 35 बालिका हॉकी खिलाड़ी प्रतिदिन प्रशिक्षण प्राप्त करते है। हॉकी नेशनल लेवल टूर्नामेंट 5 से 15 जनवरी 2026 तक प्रस्तावित किया गया है। स्टेट स्कूल मैदान राजनांदगांव में प्रतिदिन 18 बालक एवं 20 बालिका व्हॉलीबॉल खिलाड़ी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में 12 बालक एवं 14 बालिका तीरंदाजी खिलाड़ी प्रतिदिन प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिले में 637 लाख रुपए की लागत से 4 लेन 800 मीटर सिथेटिंक एथलेटिक ट्रेक का निर्माण किया जाना है।



### जनता से हो सचिव

बैठक में पूर्व निगम अध्यक्ष एवं खेल संगठनों से जुड़े रमेश डाकलिया ने बैठक में कहा कि दिग्विजय स्टेडियम का निर्माण शहर की जनता से मिले सहयोग से हुआ था। स्टेडियम समिति में शुरू से ही जनता के बीच से सचिव मनोनित किया जाता था, लेकिन पिछले कुछ सालों से प्रशासनिक अफसर ही दायित्व निभा रहे हैं। उन्होंने नागरिकों की ओर से सचिव बनाने की मांग की।

### प्रशासकीय स्वीकृति के प्रयास

महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि दिग्विजय स्टेडियम में विद्युतीकरण कार्य के लिए 6 करोड़ रुपए का प्रस्ताव लंबित है तथा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में एस्ट्रोटर्फ रिप्लेस्मेंट कार्य के लिए 9 करोड़ 20 लाख रुपए की राशि प्रशासकीय स्वीकृति हेतु लंबित है। चर्चा के अनुरूप इस दिशा में हरसंभव कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि खेल के आयोजन के लिए मैदान की वैकल्पिक व्यवस्था के लिए दो मैदानों का चयन किया गया है।

### कलेक्टर ने दी जानकारी

कलेक्टर ने कहा कि दिग्विजय स्टेडियम में मल्टीजीम रिपेरिंग कार्य, डी ब्लॉक में हाल निर्माण, बैडमिंटन कोर्ट में सिंथेटिक फ्लोर निर्माण कार्य सहित अन्य कार्यों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने जिले में खेल संभावनाओं के अंतर्गत बैडमिंटन एकेडमी, बाक्स क्रिकेट, स्कैटिंग रिंग का निर्माण, नवीन इंडोर स्टेडियम के निर्माण के संबंध में चर्चा की। कलेक्टर ने कहा कि जिले में बॉलीबाल एवं तीरंदाजी खेल की अच्छी संभावना है।

## सार समाचार

### बूथवार बीएलओ के नाम व नंबर सार्वजनिक करें आयोग



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं विधि विभाग के प्रदेश महामंत्री रूपेश दुबे ने एसआईआर के तहत किए जा रहे कार्य में पारदर्शिता एवं संवादहीनता की स्थिति निर्मित ना हो, इसके लिए आयोग द्वारा नियुक्त बूथवार बीएलओ की सूची सार्वजनिक कर बूथों में उनके नाम और नंबर चस्पा करने के साथ-साथ राजनीतिक दलों को उनकी सूची उपलब्ध कराने एवं बीएलओ को निर्वाचन कार्य के दौरान आयोग द्वारा जारी परिचय पत्र लगाने का आदेश जारी करने की मांग की है। प्रवक्ता दुबे ने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए त्रुटि रहित मतदाता सूची आवश्यक है। चुनाव के समय पर मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य किया जाता है, किन्तु वर्तमान समय में प्रदेश में चुनाव के लिए 3 वर्ष का समय है, ऐसी स्थिति में आम जनता मतदाता सूची के इस विशेष पुनरीक्षण से अनिभिज्ञ भी है, ऐसी दशा में उन्हें जागरूक करने के लिए लाउड स्पीकर के माध्यम से मतदाता सूची में पुनरीक्षण व एसआईआर के संबंध में नगर-कस्बों में प्रचार-प्रसार के माध्यम से जानकारी दिया जाना आवश्यक है। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में धान कटाई में लोग व्यस्त हैं, ऐसी दशा में यदि बीएलओ उनके घर जाते हैं तो उनके नहीं मिलने की दशा में वे बीएलओ से संपर्क कर इस कार्य में सहभागी हो सके और राजनीतिक दल को बीएलओ के नाम-नंबर की सूची उपलब्ध कराने से उनके सक्रिय सजग कार्यकर्ता स्वस्थ लोकतंत्र के इस कार्य में सहभागी होंगे। जिससे मतदाता सूची में त्रुटि की संभावना कम होगी। वहीं मतदाताओं के नाम विलोपित भी नहीं होंगे। बीएलओ जब डोर-टू-डोर जाएं तो आयोग द्वारा जारी परिचय पत्र लगाए। जिससे मतदाताओं में भ्रम की स्थिति उत्पन्न ना हो और कार्य निर्विवाद रूप से संपन्न हो।

## नशे में बर्बाद हो रहा है जिला अफसर की शिकायत

**मोहला।** मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के गांव-गांव में बिक रहे अवैध शराब के चलते इस अनुसूचित जनजाति क्षेत्र के आदिवासी बाहुल्य ग्रामीण बदहाली के कगार में है। वहीं युवा पीढ़ी नशे की लत में है। नशे के कारोबार में बर्बाद हो रहा है जिला और यहां आबकारी महकमा वसूली में व्यस्त है। अवैध शराब कारोबार से जुड़े कोचियों और आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर फिर सवाल उठ रहे हैं। बुधवार सुबह आबकारी विभाग के सहायक जिला आबकारी अधिकारी आरएस भांडेकर अंबागढ़ चौकी नगर के एक घर में दल-बल के साथ प्रवेश किया। इधर कुछ समय बाद अंबागढ़ चौकी नगर की एक महिला ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि आबकारी की टीम उसके घर में दाखिल होकर शराब बेचने के एवज में 50 हजार रुपए महीना की मांग करते महिला और परिवार के साथ बदसलूकी की है।



### भाजपा नेता के संज्ञान में मामला

गौरतलब है कि दीपावली से पहले भी लगातार आबकारी विभाग के अफसर पर शराब तस्करी को संरक्षण देने और पैसा लेकर अवैध शराब कारोबार का आरोप लग चुका है। मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के भाजपा जिला अध्यक्ष दिलीप वर्मा ने भी इस मामले को भाजपा के शीर्ष नेताओं तक कार्रवाई के लिए पहुंचाया है।

### अनाप-शनाप पैसों की मांग

आरोपों के मुताबिक आबकारी विभाग के अफसर अवैध शराब बेचने तथा होटल में शराब पीने-पिलाने के एवज में महीना फिक्स है। इस दौरान वे अनाप-शनाप पैसों की मांग करते हैं। महिला ने पुलिस को कॉल डिटेल्स, मोबाइल रिकॉर्डिंग, वीडियो और फोटो साक्ष्य भी सौंपा है।

### की जा रही जांच

एक महिला ने आबकारी अधिकारी के खिलाफ अवैध वसूली तथा बदसलूकी की लिखित शिकायत की है। उक्त मामले में गहन जांच किया जा रहा है।

-**अश्वनी राठौर**, थाना प्रभारी, अंबागढ़ चौकी

## विस अध्यक्ष ने किया बीटी रोड़ डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन

# कृषि उपज मंडी का प्रांगण राजनांदगांव के विकास की पूंजी : विस अध्यक्ष रमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज आदर्श कृषि उपज मंडी समिति राजनांदगांव के अनाज एवं फल सब्जी मंडी में 1 करोड़ 33 लाख 36 हजार रुपए की लागत की बीटी रोड डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन किया। विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने बताया कि आदर्श कृषि उपज मंडी में 6 करोड़ 49 लाख रुपए की लागत से निर्माण कार्य जारी है। इससे जिले के किसान, व्यापारी और नागरिक लाभान्वित होंगे। उन्होंने मंडी प्रांगण में सभी निर्माणाधीन कार्यों को निर्धारित समय में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने अधिकारियों को निर्देश दिए।

इस अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिमा चंद्राकर, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल अध्यक्ष योगेशदत्त मिश्रा, कोमल सिंह राजपूत, खूबचंद पारख, विनोद खांडेकर, रामजी भारती, सचिन बघेल, रमेश पटेल, संतोष अग्रवाल, गीता साहू, सुरेश एच लाल, सौरभ कोठारी, भावेश बैद, कलेक्टर जितेन्द्र यादव, कृषि उपज मंडी के अधिकारी-कर्मचारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, किसान एवं नागरिकगण उपस्थित थे।



### किसान लाभान्वित

सांसद संतोष पांडे ने कहा कि कृषि उपज मंडी में आने के बाद किसान लाभान्वित होते हैं। किसानों के उद्देश्य की पूर्ति मंडी के अधिकारी-कर्मचारी करते हैं। उन्होंने कहा कि किसानों के लाभ के लिए मंडी में सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि सड़क का भूमिपूजन हुआ है, इसे अच्छी गुणवत्ता के साथ निर्माण करने कहा। कार्यक्रम को पूर्व उपाध्यक्ष कृषि उपज मंडी समिति कोमल सिंह राजपूत ने भी संबोधित किया।

### किसानों व व्यापारियों के लिए सुविधाएं उपलब्ध

विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने बताया कि आदर्श कृषि उपज मंडी में वर्षभर दोनों सीजन में धान खरीदी की जाती है और यहां सब्जी की भी मंडी है। प्रदेश में सर्वाधिक धान खरीदी में राजनांदगांव आदर्श कृषि मंडी की महत्वपूर्ण भागीदारी रहती है। यह एक आदर्श कृषि उपज मंडी के रूप में है। इस मंडी में किसानों और व्यापारियों के लिए विश्राम गृह, मॉल, कपड़ा, राशन सहित सभी आवश्यकता वाली वस्तुएं बिक्री के लिए उपलब्ध है। वहीं मंडी प्रांगण में ट्रेक्टर से लेकर सभी प्रकार के कृषि उपकरण बिक्री के लिए उपलब्ध है। यह पूरे छत्तीसगढ़ राज्य के लिए अच्छा उदाहरण है, जहां आने के बाद किसानों और व्यापारियों के लिए सभी आवश्यक वस्तुएं एक साथ उपलब्ध है। कृषि उपज मंडी का प्रांगण राजनांदगांव के विकास की पूंजी है। यहां आर्थिक रूप में बड़ा कार्य होता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में राजनांदगांव आदर्श रूप में उदाहरण बनेगा। उन्होंने कृषि उपज मंडी में चल रहे कार्यों को निर्धारित समय में और गुणवत्तापूर्ण तरीके से करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता में किसी तरह का समझौता नहीं होनी चाहिए।

## विशारद अध्यक्ष व मनोज बने उपाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सुरगी समीपस्थ ग्राम मुड़पार में सिंगदई सर्किल कोसारिया यादव समाज का चुनाव 9 नवंबर को यादव समाज भवन के पास रखी गई थी। सर्किल अध्यक्ष पद के चुनाव में दो प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे।

सर्किल अध्यक्ष पद के चुनाव करवाने के लिए सामाजिक चुनाव पदाधिकारी यादव समाज के जिला अध्यक्ष मन्ना यादव, महेश यादव, नारायण यादव, सूरज यादव व विजय यादव उपस्थित थे।

सर्किल अध्यक्ष पद के चुनाव में विशारद यादव अध्यक्ष व मनोज यादव सर्किल उपाध्यक्ष चुने गए। इस अवसर पर समाज के लोगों ने अध्यक्ष-उपाध्यक्ष को बधाई दी। बधाई देने वालों में पूर्व सर्किल उपाध्यक्ष पवन यादव, भगवान सिंह यादव, बसंत यादव, सचिव थनवार यादव, कुशल यादव, लोरिक यादव, संतोष यादव, लालचंद यादव, देवनारायण यादव, राजू यादव, संतोषी यादव, सेवतीबाई यादव एवं समाज के सदस्यों की उपस्थित रही।

## गृह संपर्क अभियान का शुभारंभ

**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर संघ संचालक शिव श्रीवास्तव एवं अन्य ने सुबह महापौर मधुसूदन यादव के मोतीपुर स्थित निज निवास पहुंचकर उनसे सौजन्य भेंट की एवं संघ के व्यापक गृह संपर्क अभियान का शुभारंभ किया गया। संघ परिवार की ओर से महापौर को संघ साहित्य एवं भारत माता का तैलचित्र भेंट किया गया। इस अवसर पर रिभय यादव, धरम यादव, मनोहर यादव, चंदन राजपूत, करण कुमार कोसरे उपस्थित रहे।



संघ के प्रतिनिधि मंडल ने महापौर को अवगत कराया कि संघ ने अपने शताब्दी वर्ष में देश में जनजागरण के विशेष प्रयत्न के तहत पंच परिवर्तन का मूल मंत्र दिया है। जिसमें पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, स्व-आधारित जीवन एवं नागरिक कर्तव्य बोध के माध्यम से समाज में स्थाई जागरूकता लाकर पवित्र भारत भूमि को पुनः विश्व गुरु बनाने हेतु देशवासियों से सहयोग एवं सहभागिता का आह्वान किया है और इसके लिए आज से व्यापक गृह संपर्क अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है।

महापौर यादव ने भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रसेवा, देश के प्रति त्याग एवं समर्पण की भावना को अद्वितीय बताते संघ परिवार के सदस्यों को उत्कृष्ट कार्यों के लिए शुभकामनाएं दी है। महापौर ने समर्थ एवं सशक्त भारत के निर्माण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के योगदान को अतुलनीय एवं अद्वितीय बताया है।

## भूमिपूजन में शामिल हुए स्काउट्स व गाइड्स

**राजनांदगांव।** वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ तथा भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के स्थापना दिवस पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय नवीन भवन हेतु भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन पेंसनबाड़ा एवं इंडोर स्टेडियम श्याम टाकीज रोड बूढ़ापारा रायपुर में किया गया। कार्यक्रम में जिले से मयूख श्रीवास्तव, राखी रामटेके, तिलेश्वर बघेल, श्यामा झा, नारद भुआर्य, पूजा शर्मा, अपोल एक्का, सुनीता चंद्राकर, नीलकंठ धुर्वे सहित ग्राम भानपुरी, सुरगी, सोमनी, टेड़ेसरा, महारानी लक्ष्मीबाई, कन्हारपुरी, जंगलपुर, किसान अर्जुनी, खुज्जी, सोनेसरार, बालक डोंगरगांव, बखरूटोला जोब, मुरमुन्दा कन्या डोंगरगढ़, बरनाराकला, बोरतलाव विद्यालय के स्काउट गाइड रोवर रेंजर की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम में जिला मुख्य आयुक्त महेश खंडेलवाल, राजनांदगांव जिले से सफल हिमालय वुड बैज कोर्स 2025 के प्रतिभागी टोमन पटेल, नीलकंठ धुर्वे, डेहर साहू, राखी रामटेके, सरिता साहू, अंजलि वैद्य तथा राज्य स्तरीय स्पेशल कोर्स के प्रतिभागी भारती रजक, डेहर साहू, धर्मेंद्र रजक, रामलाल चंद्रवंशी, रामनारायण साहू, रोशन वर्मा, भूपेंद्र यद्ु, पदमनी गोस्वामी, कीर्ति साहू शामिल हुए।

## कृषि उपज मंडी ने की कार्रवाई, नियम विरुद्ध कारोबार पर कसा शिकंजा

- अवैध रूप से उपज की कर रहे थे खरीदी-बिक्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

कृषि उपज मंडी समिति डोंगरगढ़ द्वारा मंडी परिसर क्षेत्र में बिना अनुज्ञा प्राप्त किए कृषि उपज के अवैध व्यापार पर बड़ी कार्रवाई की गई है।

मंडी सचिव बसंत ठाकुर के निर्देश पर गठित टीम ने निरीक्षण के दौरान ऐसे व्यापारियों को पकड़ा, जो मंडी के बाहर अवैध रूप से उपज की खरीदी-बिक्री कर रहे थे। मुखबीर से सूचना मिली कि महाराष्ट्र की एक ट्रक में बोरतलाव चेकपोस्ट से होते हुए अवैध रूप से धान भरकर लाया जा रहा है। जिसके बाद कार्रवाई के दौरान टीम ने वाहन क्रमांक सीजी-22-डब्ल्यू-9268 को जब्त किया, जो कृषि उपज के अवैध परिवहन में उपयोग किए जा रहे थे। मौके पर विक्रेता माया राईस मिल खमारी महाराष्ट्र द्वारा क्रेता डीएम एग्रो इंडस्ट्रीज राजनांदगांव भेजा जा रहा था। ट्रक से 660 कट्टा में 303 क्विंटल धान बरामद कर मंडी ने अपने सुपुर्द कर आगे जांच में लिया है। कार्रवाई के दौरान मौके पर उपज का नमूना परीक्षण कर पंचनामा तैयार किया गया और जब्त सामग्री को मंडी परिसर में सुरक्षित रखा गया।



मंडी प्रशासन ने चेतावनी दी है कि भविष्य में बिना लाइसेंस के उपज की खरीदी-बिक्री या परिवहन पाया गया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

किसानों और व्यापारियों से अपील की गई है कि वे केवल अधिकृत मंडी में ही लेन-देन करें, ताकि उन्हें सरकारी नियमों के तहत उचित मूल्य और पारदर्शी प्रक्रिया का लाभ मिल सके।

# सफाई कर्मचारियों के खाते में ठेकेदार जमा नहीं कर रहे ईपीएफ की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम में अब तक नए सिरे से सफाई ठेके की प्रक्रिया नहीं हुई है। पुराने ठेकेदार ही सफाई ठेका चला रहे हैं। जिसमें कई पूर्व पार्षद हैं, लेकिन कुछ जगहों पर पूर्व पार्षदों को किनारे करते हुए महिला समूह किसी अन्य से ठेका चलवा रही है। इसी तरह के एक मामले में आज शहर के इंदिरा नगर वार्ड के सफाई कर्मचारी सड़क पर उतर आए और ठेकेदार द्वारा ईपीएफ की राशि नहीं जमा करने के मामले में नारेबाजी करते ईपीएफ का पैसा जमा करने मांग की।

कर्मचारियों के ईपीएम जमा नहीं होने के मामले को लेकर यहां के पूर्व पार्षद चंपू गुप्ता ने कहा कि पूर्व महापौर हेमा देशमुख के कार्यकाल में एमआईसी के सभी सदस्यों और अन्य पार्षदों को सफाई ठेका मिला था। 3 साल से इंदिरा नगर वार्ड का ठेका वह चला रहे थे। निगम से देर से राशि आने पर भी उनके द्वारा लेबरों को पेमेंट अपने पास से दिया जाता था। उन्होंने बताया कि आज लगभग 16 महीने से भेदभावपूर्ण उनका पैसा रोक दिया गया है। बाकी पार्षदों, पूर्व पार्षदों को पैसा दिया जा रहा है। चंपू गुप्ता ने कहा कि कई बार आयुक्त से निवेदन करने के बाद बीते 10वें महीने का पैसा सरस्वती महिला समूह के खाते में 1 लाख 93 हजार 87 रुपए डाला गया, लेकिन महिला समूह की विद्यादेवी और रोहित यादव ने पैसा नहीं डला है कहकर घूमते रहे ।



पता किया गया तो पैसा डाला होना बताया गया। महिला समूह के माध्यम से पैसा निकाल लिया गया है । वहीं कर्मचारियों के चार माह का पीएफ 2 लाख 12 हजार जमा करना है, लेकिन पैसा निकालने के बाद भी पीएफ जमा नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि ईपीएफ जमा करने 7 हजार रुपए मैंने दिया था। इसके बाद महिला समूह की विद्या यादव ने सेमुअल को 2 लाख का चेक दिया था, जो बाउंस हो गया है।

### दबावपूर्वक ठेके से हटाया गया


पूर्व पार्षद चंपू गुप्ता ने कहा कि पिछले जुलाई से दबावपूर्वक उन्हें ठेके से हटा दिया गया है। जबकि अभी भी सफाई के लिए उनका पूरा सामान रापा, धमेला, ठेला का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने मांग की है कि सफाई कर्मचारियों का पीएफ जमा होना चाहिए।

### समय पर जमा हो ईपीएफ

वहीं सफाई कर्मचारी नितिन बघेल ने कहा कि 16 माह से उनका पैसा डला है। पिछले महीने एक माह का पैसा आया था, वह भी जमा नहीं हुआ है। समूह वाले ने पैसा निकाल लिया है। उन्होंने मांग की है कि उनका ईपीएफ समय पर जमा हो।

### पेंशनरों की मासिक बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** पेंशनर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ प्रदेश जिला राजनांदगांव की मासिक बैठक 10 नवंबर को आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि संरक्षक एसपी टेंभरे एवं विशिष्ट अतिथिगण प्रांताध्यक्ष डॉ. केएल टांडेकर, महामंत्री केपी सिंह तथा अध्यक्षता इंजीनियर जीआर देवांगन द्वारा की गई। बैठक में एजेंडा के अनुसार दीपावली मिलन समारोह में परस्पर शुभकामना संदेश व्यक्त कर बधाई दी गई। इस दौरान बैंक प्रबंधन द्वारा बैठक स्थल पर पेंशनर्स साथियों का जीवित प्रमाण पत्र भरवाया गया।






### धान खरीदी में पारदर्शिता व किसानों को कोई असुविधा न हो भावना बोहरा

# विधायक ने अधिकारियों के साथ बैठक कर धान खरीदी तैयारियों का जायजा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ में 15 नवम्बर से धान खरीदी शुरू होने वाली है जिसके तहत बुधवार को जनपद पंचायत सहसपुर लोहरा में पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने विभागों के अधिकारियों, जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सभी जनपद सदस्यों के साथ बैठक कर तैयारियों की जायजा लिया। इस दौरान भावना बोहरा ने सभी तैयारियों को तय समय पर पूरा करने अधिकारियों को निर्देश देते हुए पूर्ण पारदर्शिता से धान खरीदी करने एवं किसानों को कोई असुविधा न हो इसके लिए विशेष ध्यान रखने के स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। उन्होने पंजीकृत किसानों की संख्या, पंजीकृत रकबा की जानकारी ली साथ ही इस वर्ष धान खरीदी के निर्धारित लक्ष्य की जानकारी ली गई।

उन्होने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी किसानों से पंजीकृत रकबा के अनुसार धान खरीदी की जाए यह सुनिश्चित करना है। धान खरीदी केंद्रों में सभी आवश्यक व्यवस्था प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित करें ताकि किसानों को सुगमता से धान विक्रय की सुविधा मिले और भुगतान जल्द किया जाए। उन्होंने बताया कि धान खरीदी केन्द्रों में किसानों को किसी प्रकार की अवस्था ना हो, इस पर विशेष ध्यान रखा जाए। इसके साथ ही धान खरीदी केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में बारदानों की उपलब्धता, धान बेचने आने वाले किसानों के लिए छाया हेतु शेड की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था आवश्यक रूप से सुनिश्चित करने कहा है। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि धान खरीदी के दौरान धान में नमी का नाप अवश्य किया जाए। धान खरीदी केंद्रों में पूर्ण पारदर्शिता के साथ धान की तौल इलेक्ट्रॉनिक मशीन के माध्यम से करने के निर्देश दिए गए हैं। खरीदे गए धान का संग्रहण के लिए धान संग्रहण केन्द्रों में पर्याप्त व्यवस्था करने व धान खरीदी के दौरान किसी प्रकार की गड़बड़ी ना हो यह प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। विधायक श्रीमती बोहरा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोचियों एवं अवैध धान विक्रय-परिवहन पर निगरानी रखे एवं सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। खरीदी में धान की गुणवत्ता पर ध्यान दिया जाए तथा तेजी से धान का उठाव सुनिश्चित हो। सभी उपार्जन केंद्रों में कॉल सेंटर के नंबर चस्पा किए जाए, ताकि कृषक किसी भी समस्या की जानकारी तत्काल दे सकें और उसका निराकरण समयबद्ध रूप से किया जा सके। इसके साथ ही एक गुणवत्ता जांच दल का गठन किए जाए जिसमें धान की गुणवत्ता, तौल की प्रक्रिया एवं बारदाने की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए ताकि तय समय पर धान की खरीदी के लक्ष्य को प्राप्त कर किसानों को राशि का जल्द भुगतान मिल सके। बैठक में जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा सिंह, उपाध्यक्ष अशोक पटेल, जनपद सदस्य, जनप्रतिनिधि एवं समस्त विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थें।

## सरकार किसानों के हित के लिए प्राथमिकता से कार्य कर रही




भावना बोहरा ने बताया कि बैठक में धान खरीदी की प्रक्रिया के साथ ही एग्रीस्टेक, नमी माप यंत्र की सुविधा, स्टैग के लिए बोरी एवं भूसे की व्यवस्था, धान को बारिश से बचाने के लिए पर्याप्त मात्रा में त्रिपाल की व्यवस्था के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था, सीसी टीवी कैमरा, बाउंड्रीवाल एवं प्रकाश व्यवस्था को भी दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार किसानों के हित के लिए प्राथमिकता से कार्य कर रही है। इस वर्ष 15 नवम्बर से 31 जनवरी तक धान खरीदी की जाएगी और प्रदेश के लगभग 25 लाख किसानों से 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें हम जरुर प्राप्त करेंगे। धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 69 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी हुई और इसबार 3169 रुपए प्रति क्विंटल की दर से 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी की जाएगी। इसके साथ ही किसानों को टोकन तुंहर हाथ एप के माध्यम से घर बैठे ऑनलाइन टोकन भी जारी किया जा रहा है, ताकि सोसायटी में भीड़ न हो और किसानों को टोकन प्राप्त कर धान बिक्री में कोई असुविधा न हो।

# क्षेत्र में धान की रास-दाब की विधि विधान से पूजा-अर्चना की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर



छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता हैं, छत्तीसगढ़ में आज भी सदियो से पुरानी परंपरा रीति-रिवाज को आज भी आधुनिक युग में कायम है। मिली जानकारी के अनुसार जिले के बोड़ला विकाखण्ड अंतर्गत ग्राम राम्हेपुर कला के ग्रामीण किसान व पूर्व सरपंच प्रतिनिधि सुखूराम साहू ने धान की रास-दाब की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। उन्होंने बताया कि कोठार में धान फसल की मिजाई कर रास-दाब के उच्च शिखर पर मोखले कांटे, गैंदा फुल से सजाकर पूजा-अर्चना की गई और सदियों पुराना परंपरा विधि-विधान को संजोए कर रखे हुए हैं। ग्राम राम्हेपुर कला के ग्रामीण किसान पूर्व सरपंच प्रतिनिधि सुखूराम साहू ने सपरिवार सहित परंपरागत चले आ रहे धान की रास-दाब की पूजा अर्चना कर सुख, शांति व समृद्धि तथा हरियाली बनाए रखने के लिए आर्शीवाद प्राप्त की और परंपरा को बरकरार कायम बनाए रखने के लिए अहम भूमिका निभाई।

## 15वें वित्त के पैसे के लिए पंचायतें तरस रहीं सरपंच बोले, काम के पड़े लाले

**हरिभूमि कोलेगांव।** पंडरिया विकासखंड की अधिकांश ग्राम पंचायतों में 15वें वित्त की राशि अब तक नहीं पहुंची है। करीब 6 से 7 माह बीत जाने के बाद भी पंचायत खातों में राशि जमा न होने से सरपंचों की परेशानियां बढ़ गई हैं। छोटे-छोटे जरूरी काम तक अधर में लटके हुए हैं, जबकि कई सरपंच व्यक्तिगत स्तर पर उधार लेकर पंचायत संचालन करने को मजबूर हैं। पंडरिया क्षेत्र के कई सरपंचों ने बताया कि 15वें वित्त की राशि न आने से ग्राम पंचायतों की गतिविधियां ठप पड़ी हैं। पंचायतों में नाली निर्माण, हैण्डपम्प मरम्मत, पेयजल व्यवस्था, सड़क गड्ढा भराई और सार्वजनिक भवनों के रखरखाव जैसे छोटे-छोटे कार्य रुक गए हैं। ग्रामीण भी बार-बार पूछ रहे हैं, लेकिन सरपंचों के पास जवाब नहीं है। पैसे के अभाव में विकास रुक गया है। कई बार पत्राचार करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही। उधार लेकर काम चलाना पड़ रहा है, स्थानीय सरपंचों का कहना है कि जिन पंचायत प्रतिनिधियों की राजनीतिक पहुंच है, वे किसी न किसी तरह से काम जुगाड़ कर ले रहे हैं, लेकिन जो गरीब या नए सरपंच हैं, वे आज पैसे के अभाव में हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। इससे पंचायतों के विकास कार्य पूरी तरह ठप हो चुके हैं। जानकारों का कहना है कि पहले 15वें वित्त की राशि समय पर मिल जाया करती थी, जिससे पंचायतें मूलभूत आवश्यकताओं पर खर्च करती थीं। अब जबकि यह फंड महीनों से रुका हुआ है, गांवों में सफाई, पानी, प्रकाश और निर्माण कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। पंचायत प्रतिनिधियों ने प्रशासन और शासन से आग्रह किया है कि 15वें वित्त की लंबित राशि शीघ्र जारी की जाए, ताकि गांवों के छोटे-छोटे विकास कार्य दोबारा गति पकड़ सकें। सरपंच लोगों की हालत आज ऐसी हो गई है कि वे एक-एक रुपये के लिए परेशान हैं। यदि जल्द राशि नहीं मिली तो पंचायत व्यवस्था पूरी तरह ठप हो जाएगी।

# मां विध्यवासिनी मंदिर ने आदिवासी बैगा बाहुल्य क्षेत्र में कंबल, साड़ी का वितरण किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

मां विध्यवासिनी मंदिर सेवा समिति द्वारा सुंदूर आदिवासी बैगा बाहुल्य गांव में 200 कंबल व 200 साड़ी वस्त्र वितरित की गई। बताया जाता है कि प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी मंदिर समिति द्वारा ठंड के मौसम में आदिवासी बैगा दुर्गम क्षेत्र में कंबल साड़ी का वितरण किया जाता है, जिससे शीत ऋतु में अभावग्रस्त लोगो को ठंड से बचाव हो जाता है। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष धनसुख पटेल ने कहा कि इस दुर्गम क्षेत्र में पीडित वंचित जन की सेवा ही उचय सेवा है।

समिति के कोषाध्यक्ष लालजी चंद्रवंशी ने कहा कि मंदिर समिति हमेशा प्रतिवर्ष कंवल साडी आदि के वितरण के साथ अन्य सेवा कार्य भी करती है। साथ ही ग्रामीणों को कहा कि वे अपने बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें, जिससे उनका जीवन स्तर ऊपर उठ सके। वहीं पूर्व विधायक एवं समिति के सक्रीय सदस्य अशोक साहू ने कहा कि आप जब भी कवर्धा आवें मां विंध्यवासिनी देवी का दर्शन जरूर करे। शीत ऋतु के आगमन के पूर्व कंबल एवं साड़ी का वितरण करना न सुखद अनुभव है।

उपस्थित जन प्रतिनिधि में सरपंच, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य, आंगनबाड़ी, ग्रामीण जन, अन्य बैगा आदिवासी पुरुष-महिलाएं आदि का आभार व्यक्त करते हुए सभी को सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

इस कार्यक्रम में समिति के कार्यकर्ता गण जिसमें बबलु ठाकुर, गुड्डू, बृजलाल उपस्थित थे। अंत में छोटे बच्चों को विस्कीट के साथ ही सभी उपस्थित जन समुदाय को सचिव की आत्मानंद गुप्ता के मार्गदर्शन में भोजन पैकेट प्रदान किए गए, सचिव आत्मानंद ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उपस्थित जन प्रतिनिधि एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया।

## देखरेख के अभाव में डबराभाट स्थित धान संग्रहण केंद्र भवन जर्जर, मैदान में उग आए खरपतवार



**हरिभूमि बरबसपुर।** विकासखण्ड कवर्धा अंतर्गत ग्राम पंचायत डबराभाट स्थित ग्राम डबराभाट से सारंगपुर खुर्द जाने वाले पीएम सड़क किनारे धान संग्रहण केंद्र डबराभाट संचालित हो रहा था। वहीं वर्तमान में दो-तीन वर्ष से बंद तथा खंडहर में तब्दील हो चुकी है। ग्रामीणो से मिली जानकारी के अनुसार हो ग्राम डबराभाट स्थित धान संग्रहण केन्द्र देखरेख के अभाव में भवन, शौचालय तथा विश्राम भवन जर्जर तथा मैदान में उग आए खरपतवार से वर्तमान स्थिति में धान संग्रहण केन्द्र बंद हो चुकी है।

# सांस्कृतिक मंच निर्माण कार्य दो वर्षो से अधूरा, जिम्मेदार बेपरवाह

- आदिवासी समाज को नहीं मिल रहा बुनियादी सुविधा लाभ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर



जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत जमुनिया के आश्रित ग्राम सारंगपुर खुर्द में सांसद संतोष पांडेय द्वारा आदिवासी समाज को बुनियादी सुविधा लाभ पहुंचाने के लिए गौरा-गौरी सांस्कृतिक मंच के लिए ग्राम सारंगपुर खुर्द में लाखों रूपए की लागत राशि से निर्माण कार्य की स्वीकृति राशि प्रदान की गई थी, ताकि आदिवासी समाज को सांस्कृतिक मंच लाभ मिल सके। लेकिन जिम्मेदार ठेकेदार व विभागीय अधिकारियों की भारी अनदेखी व लापरवाही का खामियाजा ग्राम के आदिवासी समाज को भुगतना पड़ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत जमुनिया के आश्रित ग्राम सारंगपुर खुर्द में गौरा-गौरी सांस्कृतिक मंच निर्माण कार्य लगभग दो वर्षो से आधा अधूरा निर्माण कार्य होने से वर्तमान में सांस्कृतिक मंच अधर में लटक रहे हैं। बताया जाता है कि आदिवासी समाज गौरा-गौरी की मूर्ति स्थापना सामाजिक तथा धार्मिक कार्यक्रम एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्साहित नजर आ रहे थे, क्योंकि नव-निर्माण आधा-अधूरा होने से बुनियादी सुविधा लाभ लगभग दो वर्षो से निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। जिस पर ग्राम के रहवासियों ने शासन प्रशासन व विभागीय अधिकारियों तथा सांसद को इस ओर ध्यान देने तथा जल्द से जल्द निर्माण कार्य में तेजी लाने की मांग की गई ताकि ग्रामवासियों सांस्कृतिक मंच नवनिर्माण कार्य पूरा कि जाए जिससे आदिवासी समाज को लाभ व सुविधा मिल सके।

# सभी स्वीकृत निर्माण कार्यो में लाएं तेजी, रूके कार्य करे शुरू: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने निर्माण एजेंसियों के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी स्वीकृत निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाने चाहिए। निर्माण कार्यो में गुणवत्ता के साथ समय-सीमा का ध्यान रखा जाए, इसमें किसी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी द्वारा किए जा रहे सड़क मरम्मत और डामरीकरण कार्यो को लेकर विशेष निर्देश देते हुए कहा कि काम की गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिए। हितग्राहियों के पीएम और जनमन आवास निर्माण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि सभी जनपद सीईओ अपने क्षेत्र में आवास निर्माण कार्यो की लगातार मॉनिटरिंग करें। कोई भी स्वीकृत आवास अप्रारंभ न हो। दूरस्थ स्थानों पर आवास निर्माण प्राथमिकता में हों। उन्होंने आयुष्मान कार्ड निर्माण की प्रगति को लेकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से कहा कि जिनके कार्ड निर्माण शेष हैं ऐसे लोगों से डोर टू डोर संपर्क कर आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित करें। स्कूली छात्रों के अपार आईडी निर्माण पर चर्चा करते हुए उन्होने जिला शिक्षाधिकारी को लक्ष्य अनुसार छात्रों के आईडी बनवाने का कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए आवश्यक दस्तावेजों के निर्माण के लिए एसडीएम तहसीलदार को पूरा सहयोग करने के निर्देश देते हुए कहा कि स्कूलों में फॉर्म भरवा कर जरूरी डॉक्यूमेंट इकट्ठे कर लिए जाएं। जिससे आगे की प्रक्रिया आसानी से पूरी की जा सके। उन्होंने स्कूली छात्रों के जाति प्रमाण निर्माण में भी तेजी लाने के निर्देश सभी तहसीलदारों को दिए। कलेक्टर श्री वर्मा ने पीएम सूर्यघर योजना के धीमी प्रगति को लेकर अधिकारियों पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि लोगों से संपर्क कर उन्हें योजना के लाभ से अवगत कराते हुए योजना से जोड़ें। कलेक्टर श्री वर्मा ने जल जीवन मिशन की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पाइप लाइन बिछाने के साथ-साथ ओवर हेड टैंक निर्माण का कार्य पूरी प्राथमिकता से पूरा करते हुए पंचायतों में कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाए।

# अस्मिता सिलत लीग में डीपीएस स्कूल का शानदार प्रदर्शन

- छात्राओं ने विभिन्न वर्गो में शानदार प्रदर्शन कर तेरह पदक हासिल किए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

दिल्ली पब्लिक स्कूल महाराजपुर कवर्धा के विद्यार्थियों ने गत दिनों 09 नवम्बर को शासकीय पीजी कॉलेज डोंम में आयोजित अस्मिता पेनकेक सिलत लीग 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय तथा जिले का नाम रौशन किया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्राओं ने विभिन्न वर्गो में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल तेरह पदक हासिल किए। इनमें पांच विद्यार्थियों जिसमें एंजल तिवारी कक्षा 9, अनुभी साहू कक्षा 8, रिषिका चंद्रवंशी कक्षा 8, दिव्यांशी वर्मा कक्षा 8 तथा श्रीनीति बैस कक्षा 4 ने स्वर्ण पदक प्राप्त किए। वहीं विजय दुबे कक्षा 4, भाविका साहू कक्षा 4 एवं त्रियांजलि वैष्णव कक्षा 9 ने रजत पदक हासिल किए। इसके अतिरिक्त दीक्षा चंद्रोल कक्षा 5, संगम योगी कक्षा 5, खुशिलता पटेल कक्षा 4, अवनि कुम्भकार कक्षा 4 एवं खुशबू साहू कक्षा 9 ने कांस्य पदक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यार्थियों को विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती ग्रेसिया एन फीग्रेड द्वारा प्रातःकालीन सभा में प्रमाणपत्र एवं मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय के विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद के क्षेत्र में भी निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, जो विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। इस सफलता का श्रेय विद्यालय की कराटे प्रशिक्षिका सुश्री शैली पाली को जाता है, जिनके मार्गदर्शन में बच्चों ने यह शानदार उपलब्धि अर्जित की। यह उपलब्धि दिल्ली पब्लिक स्कूल महाराजपुर-कवर्धा के लिए गौरव का क्षण है।

### आकांक्षा ने कहा- यह सफलता केवल उनकी नहीं बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ की

# वर्ल्ड कप विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम का हिस्सा रही आकांक्षा सत्यवंशी का कवर्धा में किया गया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



गत 2 नवंबर को भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने वर्ल्ड कप फाइनल में साउथ अफ्रीका को हराकर खिताब अपने नाम किया था। इस मैच में नवी मुंबई के डॉ डीवाई पाटिल स्टेडियम में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। टीम इंडिया की जीत के बाद पूरे देशभर में जश्न मनाया जा रहा है। टीम के विजेता खिलाड़ी और सदस्य जहां भी जा रहे हैं उनका शानदार स्वागत देशवासी कर रहे हैं। इसी कड़ी में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की फिजियोथेरेपिस्ट और वर्ल्ड कप विजेता टीम की डॉक्टर आकांक्षा सत्यवंशी भी बुधवार को कवर्धा पहुंचीं जहां आकांक्षा सत्यवंशी का शानदार स्वागत क्रिकेट फैंस और आम लोगों ने किया। टीम इंडिया की फिजियोथेरेपिस्ट ने बीते दिनों सीएम विष्णु देव साय से भी मुलाकात की थी। सीएम ने मुलाकात के दौरान उनकी तारीफ करते हुए कहा कि टीम इंडिया की जीत में कवर्धा की बेटी का भी योगदान रहा है ये हमारे लिए फक्र की बात है। वहीं रायपुर में कवर्धा के विधायक एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आकांक्षा सम्मान अपने निवास में किया था। बुधवार को कवर्धा पहुंचने पर आकांक्षा के स्वागत के लिए सड़क के दोनों ओर लोगों की भारी भीड़ फूल मालाओं के साथ मौजूद रही। जैसे ही आकांक्षा रायपुर बायपास के पास पहुंची लोगों ने भारत माता की जय के नारे लगाकर उनको फूल मालाओं से लाद दिया। नगर प्रवेश करने पर भी उनका बकायदा युवाओं ने मोटर सायकल रैली निकालकर, गाजे बाजे तथा हाथो में तिरंगा लेकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान मार्ग में उनका कई स्थानों में स्वागत किया गया।

## आकांक्षा ने बताया कि यह सफलता केवल उनकी नहीं बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ की है

इस अवसर पर आकांक्षा ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि यहां पर जो उनको सम्मान मिला है उसकी कल्पना भी नहीं की थी। आकांक्षा ने बताया कि यह सफलता केवल उनकी नहीं बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ की है। उन्होंने कहा कि जिले के युवाओं में अपार प्रतिभा है, जरूरत है तो बस सही दिशा और आत्मविश्वास की। आकांक्षा की उपलब्धि से जिले के युवाओं में भी खेलों के प्रति नया उत्साह देखने को मिल रहा है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की इस समर्पित फिजियोथैरेपिस्ट ने अपने कार्य से न सिर्फ कवर्धा, बल्कि पूरे राज्य का नाम रौशन किया है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मेरे अपने लोग मुझे इतना प्यार देंगे, यह मेरे जीवन का सबसे ऐतिहासिक पल है। अभी लक्ष्य पूरा नहीं हुआ है, हमारा उद्देश्य पूरे विश्व क्रिकेट को डोमिनेट करना है। आकांक्षा सत्यवंशी फिजियोथेरेपिस्ट, वर्ल्ड कप विजेता महिला क्रिकेट टीम है।

# दिव्यांगजनों के आत्मनिर्भर बनने की दिशा में जिला प्रशासन का सराहनीय कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कबीरधाम जिले में दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा निरंतर सराहनीय पहल की जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बुधवार को ग्राम बिनोरी निवासी दिव्यांग रामेश्वर कोसले को स्वरोजगार के लिए रंगीन प्रिंटर प्रदान किया। यह प्रिंटर समाज कल्याण विभाग के माध्यम से उपलब्ध कराया गया है, जिससे श्री कोसले अब अपने गांव और आसपास के क्षेत्रों में प्रिंटिंग, दस्तावेज तैयारी एवं अन्य संबंधित सेवाओं के माध्यम से स्वरोजगार कर सकेंगे।

**मोटर वाहन के पंजीकृत मालिक को नोटिस के लिए पंजीकरण का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना स्थापना और ताजा पंजीकरण का उपयोग किया जा सकता है वित्तीय के नाम में प्रमाण पत्र**

(डुप्लिकेट में बनाया जा सकता है और डुप्लिकेट कॉपी को फाइनेंसर को एक साथ भेजा जाना है नोटिस जारी करना)

पंजीकरण की स्थिति का कार्यालय बिलासपुर रेफरी संख्या 2209/RTO/25 दिनांक 06/11/2025

श्री **महेन्द्र कुमार बर्मा** (रजिस्टर्ड)। है। एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट फाईनेंस कं.लि.** (Financio) है / ने सूचित किया है कि उसने / उन्होंने मोटर वाहन असर पंजीकरण को अपने कब्जे में ले लिया है संख्या **सीजी 10 बी.डब्ल्यू. 1518** एक समझौते द्वारा कवर किया गया किराया-खरीद / पट्टे। उक्त समझौते के प्रावधानों के तहत अपने डिफॉल्ट के कारण हाइपोथैकेशन, और:
1. आपने उसे / उन्हें पंजीकरण प्रमाणपत्र देने से मना कर दिया है।, 2. आप फरार हो गए हैं।

उसने पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द करने और नए सिरे से जारी करने का अनुरोध किया है उसके / उसके नाम में पंजीकरण का प्रमाण पत्र।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त के पंजीकरण के प्रमाणपत्र को सरेंडर करें मोटर वाहन जो आपके द्वारा बनाए रखा गया है वह आपके कब्जे को खोने के बावजूद और जिससे धारा 2 (3) के तहत मोटर वाहन का स्वामित्व और आपके भेजने के लिए रसीद की तारीख से सात दिनों के भीतर इस कार्यालय में, यदि कोई हो, का प्रतिनिधित्व आपके द्वारा यह नोटिस, विफल होने पर पंजीकरण का एक नया प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा फाइनेंसर का नाम, आपके अनुसार आयोजित पंजीकरण का प्रमाणपत्र रद्द करना धारा 51 (5) के साथ।

तारीख.....

**Registered Authorty**
**Bilaspur(C.G)**

## खबर संक्षेप

### विधायक की अनुशंसा पर 9 लाख की स्वीकृति



**कवर्धा।** पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा की अनुशंसा पर कलेक्टर गोपाल वर्मा द्वारा पंडरिया विधानसभा में निर्माण कार्यों के लिए विधायक मद से 09 लाख 4 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। निर्माण कार्य के लिए संबंधित ग्राम पंचायत द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पंडरिया को क्रियान्वयन एजेंसी बनाया गया है। विधायक मद से पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत डोमनपुर में लखन के घर से मेलन के घर तक सीसी रोड़ निर्माण के लिए 09 लाख 4 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी है।

### पुराने बायपास रोड का होगा डामरीकरण

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कबीरधाम के पुराना बायपास मार्ग (मिनीमाता चौक से रायपुर तिराहा) में डामरीकरण कार्य हेतु मार्ग को आंशिक डायवर्सन किये जाने तथा भारी वाहनों के यातायात को अन्य मार्ग में परिवर्तित किया जाकर यातायात सुचारू रखने हेतु रूट निर्धारण करने संबंधी आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार डामरीकरण कार्य कराये जाने के दृष्टिकोण से विद्यमान मार्ग को प्रतिबंधित करते हुए जबलपुर-मंडला की तरफ से बेमेतरा होते हुए रायपुर दुर्ग जाने वाले भारी वाहनों के लिए पोंड़ी से पंडरिया-मुंगेली मार्ग से आवागमन निर्धारित किया गया है। वहीं रायपुर-बेमेतरा, दुर्ग एवं राजनांदगांव से जबलपुर की तरफ जाने वाला यातायात यथावत रहेगा। यह आदेश आगामी 30 नवंबर 2025 तक के लिए प्रभावशील रहेगा।

### एमपीटी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग

**कवर्धा।** चिकित्सा शिक्षा विभाग ने एमपीटी (मास्टर ऑफ फिजियोथेरेपी) पाठ्यक्रम पाठ्यक्रम में प्रवेश वर्ष-2025 के लिए ऑनलाइन काउंसिलिंग शेड्यूल जारी किया है। एमपीटी सीटों के लिए राज्य स्तरीय ऑनलाइन काउंसिलिंग 17 नवंबर तक होगी। संबंधित अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**कार्रवाई:** दो दिनों में जिले से बरामद किया गया लगभग 857 क्विंटल धान

# सहकारी समितियों में अवैध धान खपाने वाले मौके की ताक में

हरिभूमि न्यूज ▸▸कवर्धा

छत्तीसगढ़ सहित कबीरधाम जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का ऐलान शासन ने काफी पहले ही कर दिया है। शासन द्वारा घोषित तिथि के मुताबिक समर्थन मूल्य में धान खरीदी महज तीन दिन बाद यानि 15 नवम्बर से प्रारंभ हो जाएगी। जिसे देखते हुए सेवा सहकारी समितियों में अवैध ढंग से सरकारी समर्थन मूल्य में धान खपाने वाले भी सक्रिय हो चुके हैं। हालांकि प्रशासन द्वारा इसकी रोकथाम और धरपकड़ के लिए जिलेभर के सीमावर्ती ईलाकों में चेकपोस्ट बनाए गए है। बताया जाता है इन्हीं चेक पोस्टों में से थाना चिल्फी अंतर्गत पुलिस चेकपोस्ट पर वाहनों की नियमित जांच के दौरान निरीक्षक लालजी सिन्हा के नेतृत्व में वाहन क्रमांक यूपी 90-टी-7437 को रोककर जांच की गई। जांच के दौरान वाहन में बड़ी मात्रा में धान भरा पाया गया। चिल्फी पुलिस के मुताबिक वाहन चालक राजा भैया पिता विजय बहादुर अहिरवार, आयु 28 वर्ष, निवासी ग्राम हीरापुर थाना ब्रजपुर जिला पन्ना मध्यप्रदेश से जब इस धान के संबंध में जानकारी प्राप्त करने पूछताछ की गई तो उसके द्वारा संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया तथा वाहन चालक द्वारा धान की खरीदी-बिक्री से संबंधित पेश किए गए दस्तावेज भी संदिग्ध पाए गए। पुलिस के मुताबिक वाहन में लगभग 212.250 क्विंटल धान भरा हुआ था, जिसे चालक द्वारा बाघरमऊ मण्डी जिला बहराईच उत्तर प्रदेश से लोड कर राजनांदगांव छत्तीसगढ़ ले जाना बताया गया। अवैध परिवहन की आशंका पर चिल्फी पुलिस ने इसकी जानकारी खाद्य विभाग को दी। खाद्य विभाग के अधिकारी अमित कुमार द्विवेदी खाद्य निरीक्षक बोड़ला, विरेन्द्र पोर्ते खाद्य निरीक्षक कवर्धा एवं हिमांशु केशरवानी खाद्य निरीक्षक पण्डरिया की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जप्ती एवं पंचनामा की कार्यवाही की गई। इसी प्रकार 12 नवम्बर को ट्रक क्रमांक यूपी-70-एफटी-8865 और यूपी-70-एन-5067 को रोका गया। जांच में दोनों ट्रकों में क्रमशः 307 क्विंटल और 340 क्विंटल धान भरा पाया गया। पहले ट्रक के चालक बदामा श्रीवास चित्रकूट और दूसरे ट्रक के चालक मोह. इमरान प्रतापगढ़, कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। धान बिहार और प्रयागराज से लाई जा रही थी।

### जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में बनाए गए 23 चेक पोस्ट



जिला प्रशासन के मुताबिक राज्य शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए अन्य राज्यों से धान के अवैध आवक की निगरानी और रोकथाम के लिए कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर जिला प्रशासन कबीरधाम द्वारा कड़ी निगरानी और नियंत्रण व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। धान की अवैध आवाजाही को रोकने के उद्देश्य से जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में 23 चेकपोस्ट स्थापित किए गए हैं। इन चेकपोस्टों पर राजस्व, कृषि, वन एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों की संयुक्त ड्यूटी लगाई गई है, जिससे अंतराज्यीय सीमाओं पर सतत निगरानी रखी जा सके।

### जिले के कई चेकपोस्ट भगवान भरोसे

जिले सहित प्रदेश में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए अन्य राज्यों से धान के अवैध आवक की निगरानी और रोकथाम के लिए जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रशासन द्वारा बनाए गए 23 चेकपोस्ट में कहने को तो राजस्व, कृषि, वन एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों की संयुक्त ड्यूटी लगाई गई है। लेकिन सूत्रों की माने तो इन चैकपोस्टों में से कुछ में सिर्फ पुलिस प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी ही अपनी ड्युटी बजा रहे हैं वहीं शेष चेक पोस्टों में न तो पुलिस प्रशासन के अधिकारी नजर आते हैं और न ही दूसरे विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों का अतापता रहता है। विशेषकर रात के समय चेकपोस्ट भगवान भरोसे ही रहते हैं। जिससे धान के अवैध आवक की संभावना बनी रहती है।

# कैंसर पीड़िता कपूरा मरकाम की प्रशासन ने ली सुध, रायपुर में किया भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▸▸कवर्धा



ग्राम कांटाबहरा (नगवाही) के समलु मरकाम की कैंसर पीड़ित पत्नी की बीमार और लाचार पति के हालात तथा मबूरियां अखबारों और मीडिया की सुर्खियां बनने के बाद नींद से जागे प्रशासन ने अब पीड़िता की सुध ली है। प्रशासनिक जानकारी के मुताबिक थायराइड कैंसर पीड़ित श्रीमती कपूरा मरकाम पति समलु मरकाम के उपचार में सहयोग की आवश्यकता की सूचना संज्ञान में आने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम पीड़िता के घर पहुंची और उसे 108 एम्बुलेंस में बेहतर उपचार के लिए मेकाहारा रायपुर भेजा गया। यहां महिला को कैंसर रिसर्च युनिट में भर्ती कराया गया है जहां कैंसर विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में उनका ईलाज चलेगा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को पीड़ित महिला को विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में अच्छा उपचार मुहैया करवाने के लिए निर्देशित किया है। वहीं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इसे संज्ञान में लेते हुए स्वास्थ्य विभाग की ओर से हर संभव सहयोग उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए है। इस बारे में जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेन्द्र तुरे ने बताया कि पूर्व में पीड़िता के स्वास्थ्य समस्या की जानकारी मिलने पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रेगांखार, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोड़ला विकासखण्ड बोड़ला स्वास्थ्य विभाग के टीम द्वारा पीड़ित कपूरा मरकाम पति समलू मरकाम के ग्राम काटाबहरा (नगवाही) के निवास स्थान पर जाकर निरीक्षण करने पर पाया गया कि समलू मरकाम द्वारा अपनी पत्नी कपूरा मरकाम के गले का गांठ में दर्द होने पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रेगांखर जंगल में ईलाज के लिए ले जाया गया। वहां पदस्थ डाक्टर द्वारा जिला स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से मरीज के बीमारी के संबंध में चर्चा कर उपचार के लिए रायपुर रिफर किया गया।

# धान से भरा तेज रफ्तार ट्रक पलटा शहडोल से रायुपर जा रहा था ट्रक

हरिभूमि न्यूज ▸▸कवर्धा/कुई



जिले से गुजरने वाले पंडरिया-बजाग मार्ग में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात कुदकुर थाना क्षेत्र के ग्राम आगरपानी के पास एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे मोड़ पर पलट गया। जानकारी के मुताबिक इस सड़क दुर्घटना में किसी के हताहत होने की खबर तो सामने आई है लेकिन दुर्घटना का शिकार हुए ट्रक के परखच्चे उड़ चुके हैं। बताया जाता है कि ट्रक क्रमांक सीजी-09 बी 0876 मध्यप्रदेश के शहडोल से धान की खेप भरकर बजाग-पंडरिया मार्ग होते हुए रायपुर जा रहा था। इसी दौरान ग्राम आगरपानी के पास तेज रफ्तार ट्रक मोड़ में दुर्घटना का शिकार हो गया। यहां बताना लाजिमी होगा कि छत्तीसगढ़ में 15 नवम्बर से समर्थन मूल्य में धान खरीदी प्रारंभ होने वाली है। ऐसे में इस बात की भी आशंका जताई जा रही है कि कहीं ट्रक में मध्यप्रदेश से अवैध धान का परिवहन तो नहीं किया जा रहा है। बहरहाल इस मामले में अभी तक कोई प्रशासनिक जानकारी सामने नहीं आई है।

## राष्ट्रीय पेंटिंग अवार्ड विजेता बलबीर की पेंटिंग प्रदर्शित



**कोलेगांव।** राष्ट्रीय पेंटिंग अवॉर्ड विजेता और भारत के टाप विख्यात कलाकार बलबीर प्रसाद विश्वकर्मा ने कबीरधाम में 6 वीं बार अपनी अद्भुत गोंड आर्ट बाघ और वन एकता प्रस्तुत की। बलबीर प्रसाद, जो बच्चों को पेंटिंग सिखाने में भी महारत रखते हैं, स्थानीय स्कूलों में जाकर विद्यार्थियों को लाइव पेंटिंग बनाना सिखाते हैं। वे प्रत्येक कथा के माध्यम से विद्यार्थियों को कला के नए-नए आयाम दिखाते हैं, जिसमें बच्चे अपनी सीख को उम्मीद और उत्साह के साथ अपनाते हैं। इस बार के अंजोर नवाचार तिहार 2025 जी श्याम पैलेस कवर्धा में बलबीर प्रसाद की इस पेंटिंग को सैकड़ों दर्शकों ने सराहा। उनकी कला को न केवल प्रशंसा मिली, बल्कि उनकी पेंटिंग भी बिक गई। बलबीर ने एक विदेशी महिला शिक्षक को प्रेम का प्रतीक नाग-नागिन की पेंटिंग भेंट की, जिसे वह बेहद पसंद आई। बलबीर प्रसाद विश्वकर्मा की कला और शिक्षण के इस अनोखे प्रयास ने कबीरधाम में पेंटिंग की एक नई दिशा दी है और स्थानीय कला समुदाय को गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर बलबीर और उनके भोरमदेव आदिवासी चितेरे फाउंडेशन धनेश्वरी विश्वकर्मा, प्रभात विश्वकर्मा, नेहा माथुर, दिव्या, सत्या, कुलदीप सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## खेलो इंडिया अस्मिता पेंचाक सिलाट सिटी लीग का समापन



**कवर्धा।** भारत सरकार खेल मंत्रालय एवं भारतीय खेल प्राधिकरण के मार्गदर्शन में खेलो इंडिया अस्मिता पेंचाक सिलाट मार्शल आट्र्स सिटी लीग का आयोजन कवर्धा के शासकीय पीजी कॉलेज में गत दिनो किया गया। प्रतियोगिता में कबीरधाम जिले के 170 महिला खिलाड़ी कोच, रेफरी शामिल हुए। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला पंचायत कबीरधाम के अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने किया एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता.पवन देवांगन डायरेक्टर अशोका पब्लिक स्कूल ने किया। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में शेख समीर छत्तीसगढ़ राज्य पेंचक सिलेट के सेक्रेटरी, संस्थापक आशीष चंद्रवंशी डायरेक्टर आईएएस स्कूल, रिकेश वैष्णव कबीरधाम पेंचक सिलेट के अध्यक्ष, आकाश सिंह राजपूत, दिनेश साहू भूपेंद्र गढ़े, शंभू देवांगन, अजय सिंह ठाकुर, श्रीमती ललिता तारा अनन्त, संगीता ठाकुर, सतविंदर पाहुजा आदि आदि उपस्थित थे। संयोजक मनीष निषाद ने बताया कि यह प्रतियोगिता महिला वर्गों के मार्शल आर्ट खिलाड़ियों के लिए थी। जिसे खेलो इंडिया द्वारा आयोजित किया गया। उन्होने बताया कि निर्णायक मंडल ने काफी मेहनत के बाद अच्छे खिलाड़ियों का चयन किया है जो आगामी खेलो इंडिया ईस्ट जोन प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में निर्णायक मंडल के सदस्य सूर्यकांत वर्मा, शेख अरबाज अली, आशीष जायसवाल, संतोषी कोसले, बी. अलवेणी राव, सकीना लहरे आदि का सहयोग रहा।

# शासकीय हाई स्कूल छिरहा में 37 बालिकाओं को मिली निःशुल्क साइकिल, चेहरों में खुशी

हरिभूमि न्यूज ▸▸कवर्धा



जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल छिरहा के 37 बालिकाओं को जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुषमा गनपत बघेल के मुख्य आतिथ्य, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि विजय पटेल की अध्यक्षता एवं भाजपा महामंत्री गोलु साहू, पलेश नारंग, चैन सिंह पटेल, राम पटेल के विशिष्ट आतिथ्य में सरस्वती सायकल योजना के तहत निःशुल्क सायकल वितरित किया गया। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि श्रीमती सुषमा बघेल एवं विजय पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार विद्यार्थियों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए कई सुविधाएं प्रदान कर रहा है, जिसके तहत बालिकाओं को निःशुल्क सायकल दिया जा रहा है। अब बालिकाओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा होने के साथ ही समय की बचत होगा। सभी विद्यार्थी विद्यालय के साथ ही घर में भी मन लगाकर अध्ययन करें। प्रतिदिन स्कूल आएं तथा अपने माता-पिता व शिक्षकों की बात मानें। विशिष्ट अतिथि गोलु साहू, गनपत बघेल, चैन सिंह पटेल, राम पटेल एवं भगत पात्रे ने भी अपने संबोधन में विद्यार्थियों को शिक्षा प्राप्त कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। संस्था के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने विद्यालय में विद्यार्थियों को दिए जा रहे शासकीय योजनाओं के लाभ सहित व विभिन्न उपलब्धियों के संबंध में जानकारी प्रदान किया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी, व्याख्याता कल्पना मरावी, रंजीता माहेश्वरी, वीणाक्षी नामदेव, रंजीत राय, गया राम साहू, पालकगण एवं छात्र-छत्राएं उपस्थित थी।

# कलेक्टर ने कांस्य पदक विजेता दीपेश्वरी को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▸▸कवर्धा

कबीरधाम जिले की खेल प्रतिभा ने एक बार फिर जिले का नाम रोशन किया है। जिले की होनहार खिलाड़ी दीपेश्वरी ने राष्ट्रीय कूडो टूर्नामेंट 2025-26 में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया है। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर कलेक्टर गोपाल वर्मा ने उन्हें सम्मानित कर बधाई और शुभकामनाएं दीं। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि कबीरधाम जिले की बेटियाँ आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। दीपेश्वरी की यह उपलब्धि जिले ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि उनकी सफलता से युवा खिलाड़ियों को नई प्रेरणा मिलेगी और यह उपलब्धि राज्य में कूडो खेल की बढ़ती लोकप्रियता और संभावनाओं का प्रमाण है।

**विधायक भावना बोहरा ने की 10 लाख के निर्माण कार्यों की घोषणा**

# नपं पाण्डातराई में मनाई गई कश्यप जयंती

हरिभूमि न्यूज ▸▸पाण्डातराई



नगर पंचायत पांडातराई में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गुप्ता समाज द्वारा कश्यप ऋषि की जयंती धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।इस अवसर पर समाज द्वारा श्री महर्षि कश्यप जी की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई।

जयंती को लेकर समाज में काफी उत्साह देखा गया जिसके चलते नगर को तोरण द्वारों से सजाया गया। समाज के सभी युवाओं एवं महिलाओं की टोली के साथ भजन मंडली में समाज के प्रमुख जनों की उपस्थिति रही। शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए कश्यप ऋषि जी के जयकारों के साथ गुप्ता धर्मशाला पहुंची। कार्यक्रम में महिलाओं एवं बच्चों के द्वारा रंगोली प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस, व्यंजन, चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही साथ मेधावी छात्रों का स्मृति चिन्ह के साथ सम्मान किया गया। जयंती कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती भावना बोहरा विधायक पंडरिया रही। उन्होंने अपने उद्बोधन में समाज के संगठन की प्रशंसा की। साथ ही इस शुभ अवसर पर उन्हें आमंत्रित किए जाने पर समाज का आभार जताया।

उन्होंने अपने संबोधन में पांडातराई के दोनों मुक्तिधाम के लिए 5-5 लाख रुपए एवं सामाजिक भवन के उन्नयन के लिए भी 5 लाख रूपए देने की घोषणा की। कार्यक्रम को गुप्ता समाज के संरक्षक मिठू दास साहेब गुप्ता, समाज के अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, जोन की अध्यक्ष श्रीमती कविता गुप्ता, इकाई अध्यक्ष श्रीमती माया गुप्ता, नगर पंचायत की सभापति सुशील गुप्ता के द्वारा भी उद्बोधन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज की महिलाओं, बच्चों एवं युवाओं का भरपूर योगदान रहा।

कार्यक्रम का संचालन शिवसहाय गुप्ता एवं दुर्गेश नंदिनी गुप्ता ममता गुप्ता के द्वारा किया गया।

# दलदली में चर्म रोग एवं सामान्य रोग निवारण विशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸कवर्धा



एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग से शिखर युवा मंच कबीरधाम टीम द्वारा ग्राम दलदली के बाजार परिसर में चर्म रोग एवं जनरल रोग निवारण के उद्देश्य से एक दिवसीय विशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में दलदली क्षेत्र के 13 ग्रामों से आए कुल 167 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ लिया। इनमें से 65 लोगों की लैब जांच की गई, जिनमें से अधिकांश मरीज चर्म रोग से ग्रसित पाए गए। इन मरीजों को त्वरित उपचार प्रदान किया गया और कुछ मरीजों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र दलदली रेफर किया गया। इस शिविर में उच्च रक्तचाप (हाई ब्लड प्रेशर), शुगर से प्रभावित पाए गए, जिनका आवश्यक परामर्श और दवा वितरण किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टर डॉ. सतीश तंबोली, डॉ. लखन राजपूत, डॉ. पुन्नी दास मानिकपुरी द्वारा सेवाएं प्रदान की गईं। साथ ही स्वास्थ्य विभाग से सेक्टर सुपरवाइजर संतोष कुमार चौधरी, आरएचओ यादेश्वर सिंह एवं दलदली सरपंच,पंचगण एवं स्थानीय कार्यकर्ताओं एवं मितानिनों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। यह शिविर एसबीआई संजीवनी टीम कबीरधाम द्वारा आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाना एवं आमजन में रोग निवारण के प्रति जागरूकता फैलाना है।